CMYK

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


हल्द्वानी, गुरुवार 7 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 | 19 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी पेज 2




बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल खेल टाइम्स



बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर सम्पादकीय



भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मप्र-बिहार में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई थी। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182 फीसदी अधिक है।

### मुक्केबाज विकास का मुख्य हत्यारोपी सुमित राणा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने घोषित अपराधी सुमित राणा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। सुमित राणा एक खूंखार अपराधी है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजी चैंपियन विकास उर्फ भिंडा की हत्या में शामिल होने का आरोप है। सिरसपुर निवासी राणा पुलिस द्वारा महीनों तक लगातार निगरानी और सघन प्रयासों के बाद आदर्श नगर से पकड़ा गया।

### एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वाड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायुसेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

### शशि शेखर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह मई को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी। श्री वेम्पति पद भार संभालने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले प्रसून जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# ईरान जंग 48 घंटे में हो सकती है खत्म, 14 शर्तों का समझौता तैयार

तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है।

दोनों देशों के बीच 14 प्वॉइंट वाला समझौता (एमओयू) तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। समझौते की अहम शर्तें, सबसे पहले युद्ध खत्म करने की घोषणा होगी, 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है। बदले में अमेरिका धीरे-धीरे प्रतिबंध कम करेगा और ईरान के जब्त किए हुए अरबों डॉलर जारी कर सकता है। साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में दोनों तरफ से लगाई गई पाबंदियों में भी ढील दी जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा विवाद न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की अवधि को लेकर है। ईरान 5 साल का प्रस्ताव दे चुका है, जबकि अमेरिका 20 साल चाहता था। अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश हो रही है, जिसमें 12 से 15 साल तक की अवधि पर बात चल रही है।




■ अमेरिका ईरानी प्रॉपर्टी लौटाएगा, ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलेगा, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकेगा

### वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और इसके अलावा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर, हमने पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

### शहबाज ने ट्रम्प का आभार जताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने होर्मुज स्ट्रेट में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा और साहसी नेतृत्व के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार व्यक्त किया है।

श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अनुरोध पर ट्रम्प की यह उदार प्रतिक्रिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुलह को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी

## अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा व जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइडलाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए। साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

■ अब जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत, गाइडलाइन जारी




### प. बंगाल चुनाव में 'वंदे मातरम' बना था बड़ा राजनीतिक मुद्दा

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

## सबरीमाला केस

# बार-बार रुख नहीं बदल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 40 साल पुरानी जनहित याचिका ( पीआईएल) की वैधता पर सवाल उठाए। यह याचिका दाऊदी बोहरा समुदाय में बहिष्कार के अधिकार और उसके संवैधानिक संरक्षण से जुड़ी है।

कोर्ट ने कहा कि उसे पुराने फैसले के साथ रहना होगा और वह अपना रुख अचानक नहीं बदल सकता। नौ जजों की संविधान पीठ यह सुनवाई कर रही है। इसमें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश, जैसे सबरीमाला मंदिर, और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार हो रहा है। यह मामला 1986 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी की पीआईएल से जुड़ा है। इसमें 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 को रद्द कर दिया गया था। उस कानून के तहत किसी सदस्य को बहिष्कृत करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर बहिष्कार का अधिकार समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(इ) के तहत मिले अधिकारों का -शेष पृष्ठ दो पर

**बोहरा समाज में बहिष्कार और धार्मिक अधिकारों पर 1986 की PIL की वैधता पर सवाल उठाए**



# बंगाल में भाजपा की जीत के बाद हिंसा जारी

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद तनाव बढ़ गया है।

यह घटना हाल ही में आए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य भर में हो रही चुनाव बाद की हिंसा की खबरों के बीच हुई है। दराज्य में जारी हिंसा के दौरान टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत हो चुकी है। चुनाव आयोग ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जबकि राज्य नौ मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एक्स' पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा कि पांच मई की रात मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज इलाके में भाजपा के गुंडों ने हमला कर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी। हमारे साथियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार सुबह हमारे साथी दोबारा उस स्थल पर गए। प्रतिमा का पुनर्निर्माण आठ मई को किया जाएगा। स्थानीय पुलिस के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि तोड़फोड़ के मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने भी 'इंस्टाग्राम' पर इस कृत्य की निंदा की है और लिखा है कि मंगलवार -शेष पृष्ठ दो पर

■ टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत
■ भाजपा समर्थकों ने लेनिन की प्रतिमा तोड़ी, पांच गिरफ्तार

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने के लिए 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113 एमएलए

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में 7 मई (आज) को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। वहीं भाजपा पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ -शेष पृष्ठ दो पर



■ पश्चिम बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को
■ केरल में तैयारियां जोरों पर, अजय माकन व मुकुल वासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं। सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए 'वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3' जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला, क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाई-फाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे। शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला 'कम्युनिटी वाई-फाई' मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2 फीसदी लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं। दक्षिण कोरिया में 80 फीसदी, अमेरिका में 70 फीसदी, यूरोप-चीन में 60 फीसदी व इंग्लैंड में 50 फीसदी आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है।




■ लोगों को अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी
■ देश में चार लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम में नई विधानसभा के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शासन का दायित्व संभाले रहने को कहा है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने कहा कि मैंने असम के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा असम के राज्यपाल को सौंप दिया है और साथ ही उनसे मौजूदा विधानसभा को भंग करने का अनुरोध किया है। असम के राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा और मौजूदा विधानसभा को भंग करने का सुझाव स्वीकार कर लिया है।

■ कार्यवाहक के रूप में करेंगे काम

CMYK

**संक्षिप्त समाचार**

### गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से किया जाएगा अक्षौहिणी सेना का गठन

**देवरिया।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को कहा कि गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से अक्षौहिणी सेना का गठन किया जाएगा, जिससे गो-माता की व्यापक स्तर पर रक्षा सुनिश्चित की जा सके। देवरिया से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित रूद्रा रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जगतगुरु ने कहा कि गो-रक्षा के लिए चतुर्दिक संगठित प्रयासों की आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से यह गविष्ठि यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के जरिए आमजन को जागरूक किया जाएगा और उन्हें गो-रक्षा के अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 81 दिवसीय यात्रा तीन मई को गोरखपुर से प्रारंभ हो चुकी है, जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और 24 जुलाई को लखनऊ में इसका समापन होगा। यात्रा प्रतिदिन पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जहां संवाद और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कुकर्म के बाद मासूम की हत्या करने वाला हैवान मुठभेड़ में ढेर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मल्लावां इलाके में सात साल के मासूम की हत्या के आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार तड़के मार गिराया। पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म और उसकी हत्या करने के आरोपी मेहनूर उर्फ शहनूर को सुबह साढ़े तीन बजे एक मुठभेड़ में सीने पर गोली मारकर ढेर कर दिया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी को दाहिने हाथ में गोली लगी है, जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्डः सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों सेलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों का प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया और साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्धए निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीघ का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे।

## उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ 10 से 12 मई 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 से 12 मई के बीच आंधी.तूफान और बारिश का एक नया दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को उत्तर-पूर्वी भारत (अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय) के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है और इसके साथ ही अगले 6.7 दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में छिटपुट गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहा और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, महाराष्ट्र और दिल्ली में ओलावृष्टि की सूचना मिली है। देश में सबसे अधिक तापमान महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी भारत के जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 10 से 12 मई के बीच बारिश और 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी और मध्य भारत के बिहार में आज ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में नौ मई को 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 मई तक अधिकतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस और मध्य भारत में 3.5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। नौ से 11 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी दी गई है। दिल्ली और एनसीआर के इलाके में बुधवार शाम या रात तक गरज-चमक के साथ मौसम बदलने की संभावना है। दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। नौ मई तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए किसानों को सलाह दी है कि वे कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें। बागवानी फसलों और फलों के पेड़ों को सहारा देने के लिए बांस की डंडियों का उपयोग करें। आम जनता को खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लेने और बिजली के उपकरणों का प्लग निकाल देने की सलाह दी गई है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया

## चुनाव मैनेज कर जीतती है भाजपा, लोकतंत्र खतरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुईः सपा प्रमुख ने लगाया आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव 'मैनेज' करके जीतती है और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।

यादव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव तक भाजपा को 'करो या मरो' का आह्वान करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया और भाजपा को पूर्ण बहुमत से रोकने में भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुई। उनके मुताबिक कुछ जगहों पर पुलिस अधिकारियों ने हथियारों के बल पर लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया। मुरादाबाद की कुंदरकी सीट और मिल्कीपुर उपचुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई और सपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी ने सभी तथ्यों के साथ चुनाव आयोग में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि 'मल्टीलेयर इलेक्शन माफिया' सक्रिय है, जिसमें प्रशासनिक तंत्र, एजेंसियां और कुछ मीडिया संस्थान भी शामिल हैं। उन्होंने ईडी और सीबीआई को भाजपा का सहयोगी बताते हुए कहा कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है और फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए ममता बनर्जी का हवाला दिया और कहा कि वहां जो हुआ, वैसा ही उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिला। उन्होंने काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा कार्यकर्ताओं को मतगणना केंद्रों से बाहर कर दिया गया और 'मतगणना नहीं, मनगणना' कराई जाती है।

### लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिया' कहा जाना चाहिए। हरियाणा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद 'रिमोट कंट्रोल' से संचालित हैं।

## विजय रैलियों में जेसीबी मशीनों की अनुमति नहींः पुलिस आयुक्त

**कोलकाता, वार्ता**

कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने बुधवार को कहा पुलिस ने शहर में किसी भी विजय रैली में जेसीबी एवं बुलडोजर के इस्तेमाल के खिलाफ परामर्श जारी किया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि विजय रैली में किसी भी प्रकार की जेसीबी को अनुमति नहीं दी जाएगी। हमने जेसीबी मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे विजय रैलियों के लिए इन्हें किराए पर न दें। ऐसा करने वाले किसी भी जेसीबी मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और हम वाहन जब्त कर लेंगे। पुलिस आयुक्त की यह घोषणा भाजपा द्वारा न्यू मार्केट क्षेत्र में निकाली गई विजय रैली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के एक दिन बाद आई है। इन वीडियो में जेसीबी द्वारा क्षेत्र में कई अस्थाई संरचनाओं को ध्वस्त करते हुए दिखाया गया है। पुलिस आयुक्त ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कड़ी चेतावनी भी दी और कहा कि पुलिस किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो भय का माहौल बनाने की कोशिश करेगा। कुमार नंद ने ने बुधवार को कहा कि हाल की घटनाओं के संबंध में 80 गिरफ्तारियां हुई हैं और केंद्रीय सशस्त्र बलों की टीमों के साथ काम कर रही हमारी टीमों ने हथियार बरामद किए हैं। सार्वजनिक सभाओं में किसी भी विजय जुलूस के लिए पुलिस से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77958.52
निफ्टी 24330.95

सोना 154800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 240331 प्रति किलो

## अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से शेयर बाजारों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब सवा प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 940.73 अंक (1.22 प्रतिशत) उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दो सप्ताह का उच्चतम स्तर है। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.93 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है और इसलिए उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को कुछ समय के लिए स्थगित करने की घोषणा की है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजारों में तेजी रही। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। स्वास्थ्य, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी एक प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर साढ़े छह प्रतिशत से अधिक उछला। ट्रेंट में लगभग चार प्रतिशत और एशियन पेंट्स में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

### घरेलू मांग के दम पर अप्रैल में सेवा क्षेत्र की बढ़ी रफ्तार

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बीच घरेलू मांग मजबूत रहने से अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी देखी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी सूचकांक मार्च के 57.5 से बढ़कर 58.8 पर पहुंच गया जो पांच महीने का उच्चतम स्तर है। यह दिखाता है कि मार्च के मुकाबले में अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गतिविधि न सिर्फ बढ़ी है बल्कि इसके बढ़ने की रफ्तार भी मार्च से अधिक रही। एचएसबीसी माह-दर-माह आधार पर पीएमआई के आंकड़े जारी करता है।

पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे कम रहना गिरावट को दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में उत्पादन और नए ऑर्डर बढ़े हैं। ई-कॉमर्स में भी तेजी गई। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात कम रहने से घरेलू मांग बढ़ी, जिससे परिवहन गतिविधियों में वृद्धि हुई है। देश से बाहर बिक्री में पांच महीने की सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली। युद्ध के कारण दूसरे देशों से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या भी कम रही।

## चावल, गेहूं के भाव बढ़े, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी का भाव पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रहा। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,870 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 17 रुपये महंगा हुआ और 2,791 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये बढ़ गई।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 30 रुपये और मूंग दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 133 रिंगिट गिरकर 4,577 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 2.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.93 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सोया तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 25 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 101 रुपये और सरसों तेल की 63 रुपये बढ़ गई। वनस्पति भी 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7676.51 रुपये, मसूर काली 8100.77 रुपये, मूंग दाल 10159.66 रुपये, उड़द दाल 10845.64 रुपये, तुअर दाल 11268.06 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2791.40 रुपये और चावल 3870.29 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3261.66 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

**Cipzer**
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सबरीमाला केसः बार-बार...**

उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुधारवादी बोहराओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि बहिष्कार सीधे तौर पर मानव गरिमा को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मुवक्किल के पिता असगर अली इंजीनियर खुद बहिष्कार के शिकार रहे थे। रामचंद्रन ने कहा कि दाऊदी बोहरा समुदाय में धार्मिक प्रमुख को 'दाई' कहा जाता है, जिसे सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बच्चे बालिग होने पर दाई के प्रति पूर्ण निष्ठा की शपथ लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर धर्म में अनुशासन बनाए रखने के लिए कुछ नियम होते हैं, लेकिन असली सवाल सजा की सीमा और उसके मानव गरिमा पर असर का है। इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या याचिका आर्टिकल 32 के तहत 1962 के संविधान पीठ के फैसले को रद्द करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपने ही पुराने फैसले को ऐसे कैसे नजरअंदाज कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम भी सख्त नियमों से बंधे हैं। अगर हर आर्टिकल 32 की याचिका पर कान्सिट्यूशन बेंच के फैसले को बदला जाएगा, तो यह गंभीर मुद्दा है। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि कोर्ट मंगलवार को सबरीमाला मामले में इसी तरह की याचिकाओं पर सवाल उठा रहा था। ऐसे में अब अलग रुख नहीं अपनाया जा सकता। इससे पहले मंगलवार को कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन से भी सवाल किए थे। इसी एनजीओ की याचिका पर सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसी बीच, वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा ने पारसी महिला की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि अगर आर्टिकल 26(इ) को ज्यादा महत्व दिया गया, तो यह व्यक्तिगत धार्मिक अधिकारों को खत्म कर सकता है। खंबाटा के मुताबिक, आर्टिकल 26(इ) का उद्देश्य धार्मिक संस्थाओं को सरकारी हस्तक्षेप से बचाना है, न कि व्यक्तियों के अधिकारों को दबाना। बता दें कि यह मामला 1962 के फैसले को चुनौती देने से जुड़ा है, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

**बंगाल में...**

को जियागंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों पुरानी लेनिन की प्रतिमा को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया और दावा किया कि वे इसकी जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे। इस 'परिवर्तन' का आनंद लीजिए। मुर्शिदाबाद के अलावा कोलकाता सहित बंगाल के विभिन्न हिस्सों से तोड़फोड़ और झड़पों की खबरें सामने आई हैं। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**तमिलनाडु में...** ग्रहण समारोह आगामी नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। एक सुचारू और गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां चल रही हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक रहे, हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री भट्टाचार्य ने, राज्य के लिए भेजे गए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल, ज्योतिर्मय सिंह महतो और सौमित्र खान के साथ मिलकर, मंगलवार शाम को मुख्य सचिव दुष्यंत नारीवाला से मुलाकात की और इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। विधायकों की एक बैठक 8 मई को तय की गई है, जहां नेतृत्व से शपथ ग्रहण से पहले अहम फैसले लेने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया हालांकि, नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में प्रवेश करने से पहले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के उस कड़े रुख को दोहराया, जिसे उन्होंने भाजपा का तृणमूलीकरण कहा। वहीं केरल में नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं और मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में पहुंच गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं अजय माकन और मुकुल वासनिक को पर्यवेक्षक के रूप में राज्य भेजा है। दोनों नेता बुधवार शाम केरल पहुंचे। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद वे रवाना होंगे। केरल कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार सुबह आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक अपनी राय रखेंगे। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त दोनों पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें वीडी सतीशन, सनी जोसेफ, रमेश चेन्निथला, केसी वेणुगोपाल और शशि थरूर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## बंगाल में 18 सीटों पर पांच हजार से कम रहा जीत का अंतर

**कोलकाता, वार्ता**

■ मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया

पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कम से कम 18 ऐसी सीटें हैं जहां जीत का अंतर 5,000 वोटों से भी कम रहा है। वहीं कम से कम 20 और सीटों पर जीत का अंतर 5,000 से 10,000 के बीच रहा। यह साफ तौर पर दिखाता है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने कड़े मुकाबले वाले थे और मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया।

चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में जारी किए गए इन बेहद रोमांचक मुकाबलों के नतीजों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे रही और उसने इन 18 में से 11 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस तृणमूल ने छह सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस के खाते में भी ऐसी ही एक जीत आई, जिससे यह बात उभरकर सामने आती है कि कैसे मुट्ठी भर वोटों ने भी अलग-अलग पार्टियों के नतीजों को तय करने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि राज्य में सबसे कड़ा मुकाबला राजारहाट न्यू टाउन में देखने को मिला, जहां भाजपा के पीयूष कनोडिया ने तृणमूल के तापस चटर्जी को महज 316 वोटों से हरा दिया, जो इस चुनाव में जीत का सबसे कम अंतर था। इसके अलावा कम से कम चार विधानसभा क्षेत्र इंडस, जंगीपारा, रैना और सतगाछिया ऐसे रहे जहां जीत का अंतर 1,000 वोटों से भी कम था, जो इन चुनावों में मुकाबले की जबरदस्त टक्कर को दिखाता है। इंडस में, भाजपा के निर्मल कुमार धारा ने तृणमूल की श्यामली रॉय बागदी को महज 900 वोटों से हराया। जंगीपारा में, भाजपा के प्रसेनजीत बाग ने तृणमूल के स्नेहाशीष चक्रवर्ती को 862 वोटों से हराया। रैना में भाजपा के सुभाशीष पात्रा ने 834 वोटों से जीत हासिल की। वहीं सतगाछिया में भाजपा के अग्निश्वर नास्कर ने तृणमूल की सोमाश्री बेताल को महज 401 वोटों से हराया। कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी कड़े मुकाबले देखने को मिले।

आमडांगा में तृणमूल के मोहम्मद कासिम सिद्दीकी ने भाजपा के अरिदम डे को 2,995 वोटों से हराया, जबकि आमता में भाजपा के अमित सामंत ने तृणमूल के सुकांत कुमार पॉल को 4,454 वोटों से हराया। चंपदानी में भाजपा के दिलीप सिंह ने तृणमूल के अरिदम गुइन को 3,026 वोटों से हराया और हरिपाल में भाजपा की मधुमिता घोष ने तृणमूल की कराबी मन्ना को 3,488 वोटों से हराकर जीत हासिल की। हरिरामपुर में तृणमूल के बिप्लब मित्रा ने भाजपा के देबब्रत मजूमदार पर 1,986 वोटों से जीत हासिल की और काशीपुर-बेलगाछिया में भाजपा के रितेश तिवारी ने तृणमूल के दिग्गज नेता अतीन घोष को 1,651 वोटों के अंतर से हराया। इसी तरह लाभपुर में भाजपा के देबाशीष ओझा ने तृणमूल के अभिजीत सिन्हा को 3,550 वोटों से हराया, और मध्यमग्राम में तृणमूल के रथिन घोष ने भाजपा के अनिद्य बनर्जी को 2,399 वोटों से हराया।

मंदिरबाजार में तृणमूल के जयदेब हलदर ने भाजपा की मल्लिका पाइक को 1,995 वोटों से हराया। पांडेबेश्वर में भाजपा के जितेंद्र कुमार तिवारी ने तृणमूल के नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती को 1,398 वोटों से हराया। सिताई में तृणमूल की संगीता रॉय ने भाजपा के आशुतोष बर्मा को 2,721 वोटों से हराया, जबकि उलुबेरिया उत्तर में भाजपा को जीत मिली, जहां चिरन बेरा ने तृणमूल के बिमल कुमार दास को 2,177 वोटों से हराया।

# सीएम ने 'वन क्लिक' से साढ़े सात लाख से अधिक पेंशनर्स के खातों में भेजी पेंशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को समाज कल्याण विभाग के पेंशनर्स को वन क्लिक के माध्यम से अप्रैल माह की पेंशन का भुगतान किया। जिसमें शत प्रतिशत राज्य पोषित योजनाओं के 756682 पेंशनर्स को कुल 111 करोड़ 82 लाख 52 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई, इसमें वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन शामिल है।




■ एक क्लिक में वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, किसान, परित्यक्ता, भरण पोषण अनुदान, तीलू रौतेली और बौना पेंशन जारी

सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा सरकार अंत्योदय के लिए समर्पित है, इसलिए सरकार आर्थिक- सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को समाज कल्याण विभाग की पेंशन का लाभ दिलाने के लिए लगातार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके फलस्वरूप अब प्रत्येक वर्ष 60 हजार से अधिक नए लोग समाज कल्याण की पेंशन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी इस तरह के बहुउददेशीय कैम्प आयोजित किए जाएं। साथ ही प्रत्येक वर्ष 59 वर्ष की आयु पूरे करने वाले लोगों के बीच सर्वे कर पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि 60 साल की उम्र पूरी होते ही उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वार्षिक आय को व्यावहारिक बनाया जाए, साथ ही पेंशन योजनाओं सहित विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी एक जगह पर उपलब्ध कराने को कहा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नवाचार अपनाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि, विभाग समाज कल्याण के क्षेत्र में कुछ बेस्ट प्रैक्टिस कर अन्य विभागों के साथ भी साझा करें। साथ ही कॉल सेंटर के माध्यम से बुजुर्गों और पेंशनर्स से संवाद भी करें।

इस मौके पर विभागीय मंत्री खजान दास ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में विभाग प्रत्येक जरूरतमंद का ख्याल रख रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन योजनाओं में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, निदेशक समाज कल्याण डॉ. संदीप तिवारी, अपर सचिव समाज कल्याण श्री प्रकाश चंद्र एवं समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जनगणना 2027 के सफल संचालन को उत्तराखण्ड शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश

■ जनसामान्य से जनगणना कार्य के दौरान पूर्ण सहयोग करने और पूछे गए सभी प्रश्नों के सटीक एवं स्पष्ट उत्तर देने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड शासन द्वारा आगामी जनगणना 2027 के सुचारु एवं सफल संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सचिव जनगणना, दीपक कुमार द्वारा जारी इन निर्देशों में जनसामान्य से अपेक्षा की गई है कि वे जनगणना कार्य के दौरान पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा पूछे गए सभी प्रश्नों के सटीक एवं स्पष्ट उत्तर दें।

निर्देशों में बताया गया है कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक सांख्यिकीय स्रोत है, जिसके माध्यम से मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, संपत्तियां, जनसांख्यिकी विवरण, साक्षरता, धर्म, आर्थिक गतिविधियां, प्रवासन आदि से संबंधित जानकारी ग्राम एवं नगर स्तर तक उपलब्ध होती है। इन आंकड़ों का उपयोग केंद्र, राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा योजनाओं के निर्माण, नीति निर्धारण तथा प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के संचालन में किया जाता है। साथ ही, यह डेटा संसदीय, विधानसभा, पंचायत एवं अन्य स्थानीय निकायों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन एवं आरक्षण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

दिशा-निर्देशों के अनुसार, जनगणना अधिकारी को अपने निर्धारित क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति से केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्रश्न पूछने का अधिकार होगा। प्रत्येक नागरिक का यह वैधानिक दायित्व होगा कि वह अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही उत्तर प्रदान करे।

हालांकि, किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा तथा कोई महिला अपने पति, मृत पति या ऐसे किसी व्यक्ति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, जिसका नाम बताना सामाजिक परंपराओं के विरुद्ध हो।

इसके अतिरिक्त, प्रत्येक गृहस्वामी या अधिभोगी को जनगणना अधिकारियों को अपने परिसर में युक्तियुक्त प्रवेश की अनुमति देनी होगी तथा जनगणना कार्य हेतु आवश्यक चिन्ह, अक्षर या संख्यांक अंकित करने या लगाने की अनुमति भी देनी होगी।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत जानकारी देता है, सही उत्तर देने से इंकार करता है, जनगणना अधिकारी को प्रवेश से रोकता है या जनगणना से संबंधित चिन्हों को हटाता या क्षति पहुंचाता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही एवं दण्ड का प्रावधान है। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया है कि जनगणना के दौरान संकलित किसी भी अभिलेख, रजिस्टर या अनुसूची का निरीक्षण किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकेगा।

# नकली पीए और ठगी प्रकरण कांग्रेस की आपसी खींचतान का नतीजा: चौहान




■ साजिश के सूत्रधार को जानते हैं कांग्रेस अध्यक्ष तो करें खुलासा ■ जनता को ठगने में असफल कांग्रेस एक दूसरे को ही ठगने में जुटे

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने टिकट और पद के लिए कांग्रेस मे हुई ठगी को उसकी आपसी खींचतान का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल स्पष्ट कर चुके हैं कि डेढ़ महीने से उनके खिलाफ साजिश हो रही है और पुलिस गिरफ्त मे आरोपी ने भी उन्हे हटाने और सेटलमेंट की बात कर रहा था।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा कही गयी बात से साफ है कि कांग्रेस मे अध्यक्ष को बदलने की लड़ाई चल रही है। टिकट और पद की खरीद तथा पद से हटाने की सुपारी जैसी खबरे दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक हैं।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के कथन के अनुसार वह जानते हैं कि इस खेल के पीछे कौन है और आरोपी ने पुलिस को भी सब बताया है। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष को राजनीति के उच्च मानदंड स्थापित करते हुए उस नाम को सार्वजनिक करना चाहिए कि आखिर वह कौन था जो खरीद फरोख्त की प्रणाली को बढ़ावा दे रहा था।

उन्होंने कहा कि खरीद फरोख्त से कांग्रेस का पुराना नाता रहा है। हालांकि जिस महिला नेत्री की रिपोर्ट पर यह खुलासा हुआ है वह लगातार पूर्व मे काग्रेस मे टिकट बेचने के आरोप लगा रही है। एकाएक टिकट की एडवांस बुकिंग और अध्यक्ष को ही पद से हटाने के आरोप हैरान परेशान करने वाले हैं। उस पर राहुल के फर्जी पीए को पार्टी पदों को खरीदने के लिए पैसों का अग्रिम भुगतान बताता है कि कांग्रेस पार्टी के अंदर नैतिकता रसातल में चली गई है।

कांग्रेसी किसी फर्जी व्यक्ति को पैसे देकर या किसी भी साजिश से अपने ही अध्यक्ष को हटाना चाहते हैं। लेकिन अफसोस और दुर्भाग्यपूर्ण कि देहरादून से लेकर दिल्ली तक किसी को ऐसी जानकारी सामने आने पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# देहरादून को जाम से राहत का 'डबल पार्किंग' ब्लूप्रिंट तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने की दिशा में राज्य सरकार ने ठोस पहल शुरू कर दी है। सचिव, आवास विभाग डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को को सचिवालय में आयोजित बैठक में परेड ग्राउंड और गांधी पार्क के मध्य प्रस्तावित अंडरग्राउंड पार्किंग परियोजना का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ आर.सी. शर्मा (प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग), रणजीत सिंह (मुख्य अभियंता, लो. निवि, देहरादून), ओमपाल सिंह (अधीक्षण अभियंता, 9वां वृत्त, लो. निवि, देहरादून) एवं प्रवीण कुश (प्रोजेक्ट मैनेजर, पीआईयू, स्मार्ट सिटी, देहरादून) उपस्थित रहे।



■ परेड ग्राउंड-गांधी पार्क के बीच बनेगी 390 वाहनों की अंडरग्राउंड पार्किंग, सचिवालय क्षेत्र में भी बनेगी 189 वाहनों की अंडरग्राउंड पार्किंग, 68 करोड़ की योजना पर मंथन ■ सीएम धामी के निर्देश पर सचिवालय में पहली समीक्षा बैठक, ट्रैफिक प्रबंधन, लागत व कार्ययोजना पर गहन मंथन

**6500 वर्गमीटर में 60 करोड़ की लागत से विकसित होगी पार्किंग:** लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत योजना के अनुसार परेड ग्राउंड और गांधी पार्क के मध्य लगभग 6500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में जी-1 स्तर की अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत 60 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस पार्किंग में लगभग 390 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से राजपुर रोड, ऐस्ले हॉल, सचिवालय के सुभाष रोड और लैंसडाउन चौक के बीच सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा मिल सकेगी, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या में राहत मिलने की उम्मीद है।

**सचिवालय क्षेत्र में दूसरी पार्किंग योजना पर भी मंथन**

बैठक में राज्य सचिवालय के राजपुर रोड की ओर स्थित भूमि पर प्रस्तावित एक अन्य अंडरग्राउंड पार्किंग परियोजना का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 68 करोड़ रुपये है, जिसमें 189 वाहनों की पार्किंग प्रस्तावित है। प्रति वाहन लगभग 35 लाख रुपये के व्यय प्रस्तावित होने पर सचिव आवास ने इस पर आपत्ति जताते हुए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि परियोजना का पुनः परीक्षण किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि यह पार्किंग केवल सचिवालय कर्मियों के लिए होगी या आम जनता के उपयोग के लिए विकसित की जाएगी। इस संबंध में स्पष्ट प्रस्ताव के साथ अगली बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

**ट्रैफिक बाधित न हो, इसके लिए बनेगी विशेष कार्ययोजना:** बैठक में सचिव आवास द्वारा निर्देश दिए गए कि प्रस्तावित स्थल का स्वयं निरीक्षण किए जाने के उपरांत इस परियोजना पर पुनः विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में ऐसी ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए, जिससे निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बाधित न हो। इसके लिए परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस और एमडीडीए के साथ समन्वय बनाकर समग्र ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार किया जाएगा।

**एनओसी, इनफोर्समेंट प्लान और शुल्क निर्धारण पर जोर:** परियोजना को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न औपचारिकताओं को पूरा करना अनिवार्य होगा। लोनिवि इनफोर्समेंट प्लान के साथ-साथ पार्किंग शुल्क का निर्धारण अन्य पार्किंग स्थलों के अनुरूप परीक्षण कर प्रस्तुत करेगा। संबंधित भूमि के संबंध में खेल विभाग एवं नगर निगम से एनओसी प्राप्त कर अगली बैठक में पेश करने के निर्देश दिए।

# स्टडी टूर के लिए सर्बिया पहुंचा उत्तराखंड का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर विभिन्न राज्यों द्वारा लोकतांत्रिक देशों के निर्वाचन प्रक्रिया के शोध-अध्ययन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बी.बी.आर.सी. पुरुषोत्तम के नेतृत्व में 5 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल यूरोप के सर्बिया गणराज्य पहुंचा।



■ नोवी साद प्रांत की विधानसभा का किया भ्रमण ■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम के नेतृत्व में निर्वाचन प्रक्रिया का अध्यन करेगा प्रतिनिधिमंडल ■ निर्वाचन प्रबंधन, मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर: सीईओ

बुधवार को भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया के नोवी साद प्रांत की विधानसभा का भ्रमण किया, जहां लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक एवं भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे तथा सर्बिया में भारत के एम्बेसडर अभिषेक शुक्ला सहित जिलाधिकारी टिहरी नितिका खण्डेलवाल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नोवी साद प्रांत विधानसभा की चेयरमैन दीना वुचिनिच ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए भारत और सर्बिया के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्वाचन प्रक्रियाओं के क्षेत्र में सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण से दोनों देशों के निर्वाचन प्रबंधन, मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला है, जिससे भविष्य में आपसी सहयोग को और मजबूती मिलेगी। भारत और सर्बिया के मध्य निर्वाचन प्रक्रियाओं एवं लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के श्रेष्ठ अनुभवों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया की प्रांतीय निर्वाचन आयोग के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सर्बिया की निर्वाचन प्रणाली, प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा चुनाव प्रबंधन की विभिन्न व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदण्डे, जिलाधिकारी टिहरी नितिका खण्डेलवाल, ईआरओ काशीपुर गौरव पांडे एवं बीएलओ मोहम्मद कलीम शामिल हैं।

# असम भ्रमण पर रहेंगे कृषि मंत्री जोशी

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी राज्य में चाय उत्पादन के विस्तार एवं बेहतर विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देश के प्रमुख चाय उत्पादक राज्य असम के 5 दिवसीय भ्रमण पर रवाना हुए। इस भ्रमणदल में उत्तराखण्ड से कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, सल्ट विधायक महेश जीना, चाय बोर्ड के उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह महरा, कृषि सचिव डा0 एस0एन0 पाण्डेय, चाय विकास बोर्ड के निदेशक महेन्द्र पाल तथा चाय उत्पादक किसान बंसत जोशी शामिल हैं। इस दौरान कृषि मंत्री असम के प्रमुख चाय बागानों का दौरा कर उत्पादन क्षमता, प्रसंस्करण व विपणन प्रणाली का विस्तृत अध्ययन करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत वे स्थानीय चाय उत्पादकों, निर्यातकों तथा विशेषज्ञों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में चाय की गुणवत्ता सुधार व विपणन को सशक्त बनाने के लिए सुझाव प्राप्त करेंगे।

# पर्वतीय कृषि महाविद्यालय चिरबटिया को सशक्त बनाने पर मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम मंत्री भरत सिंह चौधरी से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भरसार के कुलपति डॉ.परविंदर कौशल द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई।



■ भरसार विश्वविद्यालय और सरकार के बीच शैक्षणिक विकास को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

इस अवसर पर कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं छात्र-छात्राओं से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी मंत्री जी को दी गई। बैठक के दौरान विशेष रूप से कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत चिरबटिया में स्थापित पर्वतीय कृषि महाविद्यालय पर विस्तृत चर्चा की गई।

चर्चा में पर्वतीय कृषि महाविद्यालय चिरबटिया में संचालित पाठ्यक्रमों, आधारभूत संरचना, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की स्थिति एवं स्थानीय विषयों पर गंभीर चिंतन एवं विचार विमर्श किया गया।

विभागीय मंत्री भरत चौधरी ने पर्वतीय कृषि महाविद्यालय चिरबटिया में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध संसाधनों तथा विद्यार्थियों एवं अन्य आश्यक जानकारियाँ प्राप्त की। उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि चिरबटिया महाविद्यालय में आ रही सभी प्रकार की समस्याओं के निवारण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा विद्यार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर विवि के रजिस्ट्रार डॉ. एस.पी. सती एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# देशभर में गायब इंडी गठबंधन के नाम पर प्रदेश में भ्रम फैलाने की असफल कोशिश: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व सीएम हरीश रावत की इंडी गठबंधन बैठक को हाशिए पर आए नेताओं और दलों के चर्चा में आने की नाकाम कोशिश बताया है। प्रदेश प्रवक्ता धर्मपुर विधायक श्री विनोद चमोली ने कटाक्ष किया कि जो लेफ्ट पार्टियां सभी राज्यों से लेफ्ट हो गई, हरदा उनमें अपनी राजनैतिक संजीवनी ढूंढ रहे हैं। अब सभी को भाजपा सरकार के नेतृत्व में विकास की सच्चाई स्वीकारते हुए, नकारात्मक राजनीति से बचना चाहिए।



■ सभी राज्यों से लेफ्ट हुई लेफ्ट पार्टियां से संजीवनी लेना चाहते हैं हरदा: चमोली ■ अप्रासंगिक हुए नेताओं, पार्टियों को विकास की सच्चाई स्वीकारना चाहिए

उन्होंने हरदा के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के संवाद को औचित्यहीन और वास्तविकता से मुंह फेरने वाला बताया। कहा, जो नेता और पार्टियां वहां मौजूद थी, आज वे मुद्दों और सक्रियता को लेकर पूरी तरह अप्रासंगिक हो गए हैं। स्वयं हरीश रावत को जनता कई बार नकार चुकी है, वहीं कांग्रेस पार्टी में भी उनकी अहमियत औपचारिकता से भी बहुत नीचे चली गई है। वे आए दिन अपनी पार्टी नेताओं को नई नई उपमाओं से सुशोभित करते रहते हैं। कभी उपवास, मौन व्रत, राजनैतिक कभी एकांतवास, भांति भांति के उपक्रम वह करते हैं। आज कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेते हैं। यही वजह है कि वे देश भर से गायब हुए वामपंथियों को अपने साथ जिंदा रखने की कोशिश इंडी गठबंधन के नाम पर करते हैं।

उन्होंने निशाना साधा कि किस इंडी गठबंधन की बात कर प्रदेश की जनता में भ्रम फैलाया जाता है। क्योंकि अभी अभी ये केरलम में एक दूसरे के खिलाफ लड़े, बंगाल आसाम, तमिलनाडु, पांडुचेरी में सामने सामने लड़े। उससे पूर्व भी लगभग सभी चुनावों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहे। और आज बड़ी बेशर्मी से ये सभी उत्तराखंड में इंडी के नाम से ठगबंधन बनाकर प्रचारित करते हैं।

उन्होंने जोर देते हुए कहा, प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में विकास को अनुभव कर रही है। पीएम के मार्गदर्शन में विकसित राज्य बनने की दिशा में हम तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में हरीश रावत, कांग्रेस या किसी भी अन्य पार्टी की नकारात्मक राजनीति अब राज्य में स्वीकार्य नही है।

# इण्डिया गठबंधन व सामाजिक संगठनों ने किया संवाद

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन व सामाजिक संगठनों के कई नेताओं ने देश के सम्मुख वर्तमान चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीति बनाने को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में संविधान व लोकतंत्र के समक्ष खतरे का मुकाबला करने पर विस्तार से चर्चा की गई।




■ संविधान व लोकतंत्र के समक्ष खतरे का मुकाबला करने पर हुई चर्चा ■ संघर्ष करने वाले समूहो से संवाद स्थापित किया जायेगा: हरीश रावत

भविष्य में एक विस्तृत योजना बनाने, विभिन्न स्तरों पर आन्दोलन व संघर्ष कर रहे विभिन्न कर्मचारियों, सामाजिक समूह, भूमिहीन, मलिन बस्तीयों, वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षकों, आशा कार्यकर्ती, आगनबाड़ी, भोजन माता, अतिथि शिक्षक, उपनल सहित राज्य की विभिन्न समस्याओं के लिए संघर्ष करने वाले समूहो से संवाद स्थापित करने पर सहमती बनी है।

कामरेड़ इन्द्रेश मैखूरी को बिन्दुखत्ता सहित विभिन्न भूमिहीनों के संघर्ष को संवाद करने की जिम्मेदारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग एक समूह बनाया जाएगा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि वे प्रदेश के हर क्षेत्र में जाकर इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम में इण्डिया गठबंधन के साथियों का सहयोग भी लेगें। सपा नेता डॉ. एस एन सचान ने कहा कि राज्य की स्थापना वंचित लोगों की रक्षा के लिये की गई है, मगर राज्य सरकार पूंजीपतियों के हितों के लिए काम कर रही है।

भाकपा के राष्ट्रीय परिषद के पूर्व सदस्य कामरेड़ समर भण्ड़ारी ने कहा कि सरकार कारपोरेट जगत के लिए तमाम भूमि बटोर कर उन्हे देना चाहती है। चेतना आन्दोलन के शकर गोपाल ने मलिन बस्तियों के मालिकाना हक पर नैनीताल हाईकोर्ट के निर्णय से अवगत कराया। इस मौके पर कामरेड़ जगदीश कुकरेती, सर्वेदया आन्दोलन से हरवीर कुशवाहा, सोहन सिंह रजवार, संजय शर्मा, शंकर गोपाल, पहाड़ी पार्टी के महासचिव मोहन सिंह नेगी, पूर्व प्रधान ललित बिष्ट, गुल मौहम्मद व राजेश रावत आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग का बड़ा एक्शन, अल्ट्रासाउंड सेंटर किया सील

**चमोली।** जनपद में गर्भाधान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 के प्रभावी अनुपालन को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की है। औचक निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर गोपेश्वर स्थित आरोग्य क्लीनिक फार्मेसी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण टीम ने केंद्र के अभिलेख, पंजीकरण प्रमाणपत्र, मशीन संचालन और अनिवार्य प्रपत्रों की जांच की। जांच में रिकॉर्ड संधारण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। साथ ही केंद्र में रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति भी पाई गई, जो अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। अनियमितताओं को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर केंद्र को सील करते हुए संचालक के खिलाफ अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भ्रूण लिंग परीक्षण व लिंग चयन जैसी अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त होगा।

# डीएम ने करियर निर्माण के दिए टिप्स

## कॉफी विद डीएम: मेधावी बेटियों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में ब्लॉक स्तर पर शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान एवं प्रोत्साहन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में 'कॉफी विद डीएम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे ने छात्राओं से संवाद करते हुए उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर चयन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, इसलिए विद्यार्थियों को टीम भावना के साथ अध्ययन करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर अभी से तैयारी शुरू करने और श्रेष्ठ संस्थानों का चयन कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के आवे. दन और अवसरों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा हेतु विभिन्न प्रावधान उपलब्ध हैं। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन का यह दौर सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने छात्राओं को समय का सदुपयोग कर अपने भविष्य को मजबूत बनाने तथा ऑनलाइन माध्यमों से करियर संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रेरणात्मक संवाद के माध्यम से शिक्षा और करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मेधावी बेटियों का सम्मान, जनपद का बढ़ता मान संदेश को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, डीपीओ मंजूलता, खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण तथा छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# साढ़े बारह करोड़ का लोन न लौटाने पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक द्वारा एक व्यापारी पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है व्यापारी द्वारा करोड़ों रुपये का लोन लेकर दस वर्ष बाद भी वापस नहीं किया गया है। उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि. की डिजाइन सेन्टर के निकट स्थित शाखा प्रबन्धक मनोज सिंह बिष्ट पुत्र स्व. दीवान सिंह निवासी प्रतापनगर, महालक्ष्मी कालोनी, फूलचौड़ हल्द्वानी द्वारा कोतवाली में दी तहरीर में कहा गया कि उक्त बैंक से मै. आरके अग्रवाल इन्डस्ट्रीज लि. काशीपुर द्वारा 11 जनवरी 2016 को साढ़े बारह करोड़ रुपये का लोन व्यापार हेतु लिया था। उक्त कम्पनी के डारेक्टर अनूप कुमार अग्रवाल पुत्र केशव शरण अग्रवाल, रेनु अग्रवाल पत्नी अनूप कुमार अग्रवाल एवं अमोल अग्रवाल पुत्र अनूप कुमार अग्रवाल निवासी आरके पुरम, मानपुर रोड काशीपुर हाल निवासी रोज डेल कलोनी अलीगंज रोड, काशीपुर हैं। वर्तमान में उक्त ऋण खाता एनपीए में वर्गीकृत है और बैंक का तेरह करोड़ बयानवे लाख सतासी हजार नौ सौ इकासी रुपये ऋण एवं ब्याज अन्य खर्च बकाया चले आ रहे हैं। कहा गया कि बैंक द्वारा उक्त लोन की वसूली हेतु बकायेदारों को सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये जो वापस आ गये हैं। जिसपर बैंक अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठान का मुयाना किया गया तो उसमें ताला लगा है। आस-पास के लोगों ने बताया कि कम्पनी के डायरेक्टर फरार हैं। तहरीर में कहा कि उक्त लोगों ने यह जानते हुए कि प्रतिष्ठान का स्टॉक बैंक से लिये गये ऋण में बन्धक है लेकिन स्टॉक ऑडिट की रिपोर्ट 25 दिसम्बर 2024 के अनुसार भी प्रतिष्ठान में कोई स्टॉक नहीं पाया गया। इस प्रकार इनके द्वारा करोड़ों का लोन ले कर बैंक के साथ धोखाधड़ी की गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### नाबालिग बहन को भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** मौहल्ला कटोराताल निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका पति निवासी ग्राम मिस्सरवाला थाना कुण्डा जिला-उधम. सिंहनगर बीती 3 मई 2026 को उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसला कर उसके मायके मौहल्ला कटोराताल से अपने साथ ले गया और उसके अश्लील फोटोग्राफ भी बना लिये हैं। तहरीर में कहा है कि उसका पति कह रहा है कि तू या तेरे परिवार वाले मेरे विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही की तो मैं तुझे तलाक दे दूँगा अन्यथा जान से मार दूंगा तथा तेरी बहन के अश्लील फोटोग्राफ भी वायरल भी कर। मोनिशा ने पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**काशीपुर।** उत्तराखंड मूक बधिर विकलांग कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एमए राहुल के नेतृत्व में दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाज कल्याण मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समिति पदाधिकारियों एवं दिव्यांगजनों ने पेंशन समय पर न मिलने, पेंशन राशि बढ़ाने तथा रोडवेज बसों में दिव्यांगों के साथ होने वाली परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि कई दिव्यांगजन पेंशन की जानकारी लेने के लिए बैंकों के लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पेंशन व्यवस्था को नियमित करे तथा पेंशन राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह की जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इसके साथ ही आरोप लगाया कि दिव्यांग कार्ड होने के बावजूद कई बार रोडवेज बसों में उन्हें यात्रा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के जिलाध्यक्ष रामबाबू, जिला सचिव अशोक गिरी, मोहम्मद नासिर, नरगिस, मनोज सैनी, राधा, रेनू अग्रवाल, शमशाद, उपेंद्र कुमार, विद्या देवी सहित कई दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया श्री दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव

**काशीपुर।** श्री दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रगलुओं ने पहुंचकर माता रानी के चरणों में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हवन, पूजन और यज्ञ से हुई। इसके बाद श्री दुर्गा जागरण मंडली द्वारा भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। दूर-दराज से पहुंचे भजन गायकों ने अपनी मधुर और जोशीली प्रस्तुतियों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर स्थानीय कलाक. ारों द्वारा मनमोहक झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया विशेष रूप से राधा-कृष्ण की झांकी ने सभी का दिल जीत लिया। आयोजन में क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों और समाजसेवियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। प्रमुख समाजसेवी सुरेंद्र छाबड़ा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया।

### चेक बाउंस मामले में आरोपी को सजा

**अल्मोड़ा।** चेक बाउंस के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए छह माह कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1.90 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अधिवक्ता बीपी पंत ने बताया कि मामला जून 2024 का है। कहना है कि परिवादी गोपाल के अभियुक्त प्रकाश चंद्र निवासी गुरना दौलाघट पिछले 20 साल से पड़ोसी थे। इसी मित्रता के चलते प्रकाश चन्द्र ने जून 2024 में भवन निर्माण और निजी कार्यों के लिए उनसे 1.65 लाख रुपये उधार लिए थे। उधार चुकाने के लिए प्रकाश ने एसबीआई शाखा कोसी का एक चेक जारी किया था, जो बैंक में बाउंस हो गया। इसपर उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रकाश चंद्र को दोषी पाया और छह माह कारावास के साथ 1.90 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। फैसले में बताया कि 1. 87 लाख रुपये गोपाल को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी, जबकि 3000 रुपये राज्य के कोष में जमा होंगे। साथ ही दोषी अर्थदंड जमा नहीं करता है, तो उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग की बुधवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व सैनिकों ने समस्याओं का जल्द निराकरण की मांग उठाई। नगर के कचहरी बाजार स्थित लीग कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे बंदरों, लावारिस जानवरों और कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने, सर्विस सेंटरों से निकलने वाले पानी को भूमिगत करने, सार्वजनिक शौचालयों में सफाई व्यवस्था पुख्ता करने समेत नगर की मुख्य बाजार में खुले में झूलते तारों को भूमिगत करने की मांग उठाई। कहा कि झूलते तारों से आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने शासन प्रशासन से मामले में जल्द पहल शुरू करने की मांग की। यहां बैठक में पूरन सिंह मेहता, मोहन सिंह अधिकारी, पीसी लोहनी, आनंद सिंह लटवाल, आनंद सिंह बोरा, महेंद्र सिंह बिष्ट, मनमोहन वर्मा, नरेंद्र सिंह बघरी, सुधीर जोशी समेत कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# एसटीएच में मानसिक रोग विभाग की ओपीडी अब नए भवन में शिफ्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में संचालित मानसिक रोग विभाग की ओपीडी सेवाएं 7 मई 2026 गुरुवार से नए भवन में स्थानांतरित कर दी जाएंगी। अब यह सेवाएं मेडिकल कालेज परिसर में टीबी एवं श्वांस रोग विभाग के निकट उपलब्ध होंगी। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने बताया कि ओपीडी सेवाओं को अधिक सुव्यवस्थित, सुगम और बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नए भवन में मरीजों को आधुनिक और विस्तृत सुविधाओं के साथ बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। नवीन ओपीडी परिसर में मरीजों के लिए पर्याप्त प्रतीक्षालय, विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श कक्ष, काउंसिलिंग रूम सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी सेवाएं मिल सकेंगी। वहीं, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने मरीजों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे 7 मई से नई व्यवस्था के तहत टीबी एवं श्वांस रोग विभाग के पास स्थित नए भवन में ही ओपीडी सेवाओं के लिए संपर्क करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल कालेज प्रशासन भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आने वाले समय में अन्य विभागों की ओपीडी और वार्ड को भी नए भवन में स्थानांतरित करने की योजना है।

# पैथ लैब, डायग्नोस्टिक सेंटरों पर सख्ती

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अनियमितताओं पर लाखों का जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे एवं महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देशों के क्रम में जनपद में संचालित निजी पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक केंद्रों के विरुद्ध बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अमित मिश्रा एवं उप जिलाधिकारी गरुड़ वैभव कांडपाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान गरुड़ स्थित आरोग्य पैथोलॉजी सेंटर में फायर सेफ्टी पंजीकरण की वैधता समाप्त पाई गई।

साथ ही क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट का नवीनीकरण नहीं कराया गया था और पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति में ब्लड रिपोर्ट जारी की जा रही थी। इन अनियमितताओं पर केंद्र के विरुद्ध एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं बैजनाथ पैथोलॉजी सेंटर में फायर सेफ्टी पंजीकरण का अभाव, प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन न होना तथा पैथोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता पाए जाने पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। सत्यम अल्ट्रासाउंड सेंटर, बैजनाथ में फायर सेफ्टी पंजीकरण नहीं मिलने पर 50 हजार रुपये तथा सूर्या डायग्नोस्टिक लैब, बैजनाथ में पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति एवं नीडल डिस्पोजल व्यवस्था मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अमित मिश्रा ने सभी केंद्र संच. ालकों को निर्धारित मानकों एवं नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### एकल नृत्य में प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** गनियाद्योली स्थित साई सावित्री पब्लिक स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता को दो समूहों में आयोजित किया गया। ग्रुप-1 में कृतिशा पांडे ने प्रथम, अदिती बिष्ट ने द्वितीय तथा वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप-2 में पार्थिवी रावत ने प्रथम, अदित्य रावत ने द्वितीय और अनाया सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर रमा माहरा ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यहां कार्यवाहक प्रधानाचार्या राशी नेगी, कॉआर्डिनेटर रेखा जोशी सहित अन्य मौजूद रहे।

### मेयर ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में शहर के समग्र विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 11 फसियापुरा में 1 करोड़ 9 लाख 57 हजार की लागत से बनने वाली 5 सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र की जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही जनता की समस्याओं का समाधान होगा। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 18 में सिंचाई विभाग की कॉलोनी मे 31 लाख 66 हजार की लागत से बनने वाली जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) परियोजना का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पार्षद गुरविंदर चंडोक, ममता देवी, एई सिंचाई विभाग गौरव पाठक, गुलशन अरोरा, जितेंद्र चौहान, योगेंद्र शर्मा, डिम्पल काम्बोज, विवेक शुक्ला, ईश्वर चन्द्र गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू, अमित मित्तल, घनश्याम सैनी, राधा चौहान, उमा चौहान, राम बहादुर सिंह, गौरव मेहरोत्रा, भूप सिंह, प्रमिला बिश्नोई, अर्चना जयावती, अभिषेक, हरि ओम सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।



# नगर निगम में बहुउद्देशीय शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम में आज 'लोक समस्या निवारण' हेतु बहुउद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगे और फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। नगर निगम सभागार में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आयोजित बहुउद्देशीय शिविर की अध्यक्षता फरजाना बेगम उपाध्यक्ष, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग एवं महापौर दीपक बाली द्वारा संयुक्त रूप से की गई। शिविर के दौरान स्थानीय निवासियों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्षा ने अधिकारियों को जनहित के कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। इससे पूर्व मेयर व पार्षदों ने फरजाना बेगम का बुके देकर स्वागत किया। शिविर में शकील अहमद, इन्तजार हुसैन, एमएनए रविन्द्र सिंह बिष्ट, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, सीओ प्रशांत कुमार, डॉ. हरपाल सिंह पशुपालन विभाग, डॉ. भरत सिंह पशुपालन विभाग, तरन्नुम जहाँ समाज कल्याण विभाग, अशोक कुमार दुग्ध निरीक्षक डेयरी विकास, बलबीर सिंह श्रम विभाग के अलावा सभी पार्षद व नगर निगम के कर्मचारी मौजूद थे।

# चार दिन बाद जिला अस्पताल को मिला फिजिशियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में नए फिजिशियन डाक्टर के तैनात होने से मरीजों ने राहत की सांस ली है। बुधवार को नए फिजिशियन डा. गौरव सिंह ने जिला अस्पताल में अपना कार्यभार संभाल लिया। उनके ज्वाइन करते ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ भी देखने को मिली। बता दें कि जिला अस्पताल में तैनात दो फिजिशियन डा. प्रीति यादव और डा. चंद्रमोहन भैसोड़ा लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे। करीब दो माह पूर्व डा. प्रीति यादव ने इस्तीफा देकर अस्पताल छोड़ दिया था। इसके बाद एक माह पूर्व डा. चंद्रमोहन भैसोड़ा ने भी अपना इस्तीफा सौंप दिया था। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए उन्होंने एक माह अतिरिक्त सेवा दी। बीते दो मई को उन्होंने अंतिम रूप से अस्पताल प्रशासन को इस्तीफा सौंपकर कार्यमुक्त हो गए थे। डा. भैसोड़ा के जाने के बाद जिला अस्पताल में फिजिशियन चिकित्सक नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। चार दिन तक विशेषज्ञ चिकित्सक न मिलने से मरीजों को निजी अस्पतालों और अन्य जिलों का रुख करना पड़ रहा था। अब नए फिजिशियन डा. गौरव सिंह के आने से मरीजों को राहत मिली है। जिला अस्पताल प्रशासन ने बताया कि अस्पताल में अन्य चिकित्सकों की भी मांग शासन से की गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही जिला अस्पताल को और डाक्टर भी मिल सकते हैं।

### यूरिया खाद का सेवन करने से अधेड़ की हालत बिगड़ी

**बागेश्वर।** आत्महत्या के प्रयास में एक अधेड़ व्यक्ति ने घर में रखा यूरिया खाद खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानक. ारी के अनुसार बिलोना एआरटीओ के समीप निवासी 54 वर्षीय आनंद सिंह पुत्र भीम सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा यूरिया खाद का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां होने लगीं, तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में फिजिशियन डा. गौरव सिंह कैड़ा के नेतृत्व में उनका उपचार किया जा रहा है। डाक्टरों के अनुसार मरीज को 24 घंटे के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।

# पहाड़ों में दिल के मरीजों की मुश्किलें बढ़ीं: मनोज तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में हार्ट केयर यूनिट की स्थापना को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और जनस्तर पर मांग तेज हो गई है। विधायक मनोज तिवारी ने सरकार से अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में अत्याधुनिक हार्ट केयर यूनिट एवं कैथ लैब स्थापित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में उनके प्रयासों से तत्कालीन सरकार के दौरान यहां हार्ट केयर यूनिट शुरू की गई थी, जिससे स्थानीय मरीजों को काफी राहत मिली थी। विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के बाद यह महत्वपूर्ण सुविधा बंद कर दी गई, जिससे मरीजों को फिर हल्द्वानी और देहरादून जैसे शहरों की ओर रेुर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में लंबी दूरी, खराब सड़कें और समय की कमी के कारण कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। तिवारी ने कहा कि हृदय रोग तेजी से बढ़ती समस्या है और समय पर इलाज न मिलने से कई परिवार अपनों को खो देते हैं। उन्होंने सरकार से विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और प्रशिक्षित स्टाफ तैनात करने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि यदि अल्मोड़ा में यह सुविधा शुरू होती है तो बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत जिलों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। इससे रेफरल का दबाव कम होगा और समय पर उपचार संभव हो सकेगा।



### होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में उपेक्षा का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** अंबेडकर एकता फाउंडेशन द्वारा होमगार्ड की होने वाली भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जाति के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं होने की बात कही है जिसको लेकर अंबेडकर एकता फाउंडेशन कालाढूंगी ने राज्यपाल उत्तराखंड को संबोधित एक पत्र कालाढूंगी तहस. ीलदार को सौपा जिसमें उन्होंने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में चलाई जा रही है जिसमें कुल 920 पदों पर भर्ती प्रक्रिया होनी है लेकिन पूरे प्रदेश के तीन जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में अनुसूचित जाति के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं है जिसको लेकर आज अंबेडकर एकता फाउंडेशन के लोगों ने राज्यपाल के नाम एक पत्र तहसीलदार कालाढूंगी को दिया। इस दौरान जगदीश चंद्र, अरविंद कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खरीफ दलहन शोध कार्यक्रम को सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर की दलहन संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (आईसीएआर) को खरीफ दलहन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ केंद्र का पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवी के, बैंगलोर में 5-7 मई, 2026 के दौरान आयोजित वार्षिक दलहन सम्मेलन में दिया गया। आईसीएआर के महानिदेशक डा. एमएल जाट ने उप महानिदेशक डा. डीके यादव और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में दलहन समूह को सम्मानित किया। दलहन फसलों के स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डा. एसके वर्मा एवं अन्य वैज्ञानिक, डा. केपीएस कुशवाहा, डा. रुचिरा तिवारी, डा. जेपी पुरवार और डा. विनीता राठौर ने भी यह सम्मान ग्रहण किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एसके कश्यप ने दलहन वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव लाने पर बधाई दी।




# पंतनगर विवि बनेगा शोध उन्मुख विश्वविद्यालय: कुलपति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविन्द भल्लभ पन्त कृषि अवम प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कुल. पति प्रोफेसर शिवेंद्र कुमार कश्यप ने विश्वविद्यालय के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय को एक शोध उन्मुख विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में ऐसे शोध कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा जो सीधे तौर पर किसानों और उद्योगों से जुड़े हों। इस दिशा में अपार संभावनाएं हैं और लक्ष्य यह है कि देश के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में पंतनगर का नाम प्रमुखता से स्थापित हो। कुलपति ने कहा कि गोविन्द भल्लभ पन्त कृषि अवम प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, जो कि लैंड ग्रांट पैटर्न पर आधारित है, में शिक्षण, शोध एवं प्रसार तीनों को समान रूप से सशक्त किया जाएगा। इसके लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें नवाचार, प्रेरणा एवं समस्या समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सप्ताह में 3 दिन वे स्वयं समस्याओं को सुनेंगे और अगले 24 घंटे में उन समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे। कुलपति ने जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। विशेष रूप से पर्वतीय कृषि एवं उद्योगों को पुनर्जीवित करने तथा प्रसार तंत्र को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि सूचना संप्रेषण तंत्र को सशक्त किया जाएगा। किसानों को मौसम संबंधी जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाएगी। कुलपति प्रोफेसर कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं शोध केन्द्रों में हो रहे नवीन अनुसंधान कार्यों को व्यापक रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

इन शोध कार्यों को विशेष समाचार (एक्सक्लूसिव स्टोरी) के रूप में प्रस्तुत करने पर बल दिया जाएगा ताकि प्रभावी रूप मे वे समाज तक पहुंचे और उनकी उपयोगिता सिद्ध हो सके। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि वे विश्व. विद्यालय के शोध केन्द्रों का भ्रमण करें, वैज्ञानिकों से सीधे संवाद स्थापित करें तथा उनके कार्यों पर आधारित समाचार तैयार करें। इससे शोध कार्यों की वास्तविकता और उपयोगिता जनसामान्य तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। कुलपति ने यह भी बताया कि वीडियो आधारित समाचार सामग्री तैयार करने के लिए मीडिया पेशेवरों को विश्वविद्यालय में समुचित स्थान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किसानों से संबंधित सभी जानकारियां सरल एवं सहज भाषा में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा ताकि वे उन्हें आसानी से समझ सकें और अपने कार्य में उपयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त, कृषि विज्ञानं केंद्र तथा विभिन्न प्रदेश सरकार के विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट के साथ समन्वय स्थापित कर प्रसार तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। एक समग्र कार्ययोजना के अंतर्गत इन सभी गतिविधियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल सके। प्रेस वार्ता के प्रारम्भ में निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, सहायक निदेशक संचार डा अर्पिता शर्मा कांडपाल भी उपस्थित थीं।

# पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उधमसिंह नगर।** जीडी गोयनका स्कूल रुद्रपुर में 5वीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का आयोजन पेंचक सिलाट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के तत्वावधान में भव्य रूप से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मेयर रामपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पेंचक सिलाट खेल की सराहना करते हुए कहा कि यह मार्शल आर्ट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं के बीच आत्मरक्षा एवं शारीरिक फिटनेस के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जीडी गोयनका स्कूल रुद्रपुर के निद. ेशक सन्नी सर, पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल चौहान, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व खेल अधिकारी डा. नागेंद्र शर्मा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा तथा छात्र नेता चेतन मंगत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन की सराहना की। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के सचिव आयुष चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में काशीपुर, गदरपुर, नानकमत्ता, बाजपुर, रुद्रपुर, किच्छा एवं जसपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 7वीं उत्तराखंड राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026, जो कि देहरादून में आयोजित की जाएगी, में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरएएन पब्लिक स्कूल, डिबडिबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। पाथसीकर इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि मॉम्स प्राइड स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# ऑनलाइन गेमिंग में हारे छात्र ने गटका ज़हर, मौत

## पिता ने कोटाबाग के युवक पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग के थपलियागांजा वन पंचायत के सरपंच के नाबालिग बेटे ने बुधवार सुबह जहरीला पदार्थ गटक लिया। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी कोटाबाग लाए। प्राथमिक उपचार के बाद नाबालिग को एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने कोतवाली कालाढूंगी में एंबुलेंस में शव रख प्रदर्शन किया। सरपंच पिता ने कोटाबाग के एक युवक पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक कोटाबाग के थपलियागांजा वन पंचायत के सरपंच धन सिंह बिष्ट का 17 वर्षीय बेटा जगदीश बिष्ट कोटाबाग पॉलिटेक्निक में इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड से कोर्स कर रहा था। वह प्रथम वर्ष का छात्र था। बुधवार सुबह करीब सात बजे जगदीश ने अचानक घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। यह देख परिवार के होश उड़ गए। जगदीश की बचाओ बचाओ की आवाज सुनकर परिजन उसकी ओर दौड़े। पिता धन सिंह घर से 10 किमी दूर बेटे को सीएचसी कोटाबाग लाए। यहां उपचार के बाद आपात सेवा 108 से जगदीश को एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया।

### जुए सट्टे को लेकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन

**कालाढूंगी।** पॉलिटेक्निक के छात्र जगदीश बिष्ट के शव को लेकर कोतवाली पहुंचे परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। मृतक के पिता सरपंच धन सिंह बिष्ट ने कहा कि कालाढूंगी, कोटाबाग में जहां तहां जुआ, सट्टा, ऑनलाइन गेम चल रहे हैं लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कहा कि मौत से पहले बेटे जगदीश ने एक युवक पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दबाव बनाया। इसकी रिकॉर्डिंग उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उनके घर जाकर उनके छोटे बेटे से जगदीश का मोबाइल छीना और अपने साथ ले गए। उन्होंने कहा कि जुए सट्टे में युवा बर्बाद हो रहे हैं। लेकिन पुलिस को इस बात से कोई परवाह नहीं है। धन सिंह ने कहा कि आज उनके साथ ये घटना घटी है। कल किसी और के साथ घटेगी। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को युवा पीढ़ी के भविष्य को लेकर इस मामले में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि युवा पीढ़ी बर्बाद होने से बच सके।

जहर खा कर तड़प रहे जगदीश ने मौत से पहले एक युवक पर रुपए मांगने के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। मरने से पहले उसने एक युवक का नाम लेते हुए कहा कि उसने युवक से तीन हजार रुपए उधार लिए थे जो वह गेम में हार गया था। उसने जुए और सट्टे का भी जिक्र किया। मौत से पहले दिए इन बयानों की पिता ने रिकॉर्डिंग बनाई है। पोस्टमार्टम के बाद जगदीश के शव घर का रहे परिजन कोतवाली कालाढूंगी पहुंच गए। शव को एंबुलेंस में रखकर उन्होंने कोतवाली में प्रदर्शन किया। पिता धन सिंह ने एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी। युवक की गिरफ्तारी के बाद ही शव को कोतवाली से उठाने की जद पर अड़े परिजनों को पुलिस ने बमुश्किल समझाया। मामले में कठोर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शव घर ले गए। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले में तहरीर मिल चुकी है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

> घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके को रवाना हुई। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम का विजिट किया गया है। ई साक्ष्य के माध्यम से घटना स्थल का निरीक्षण एवं अन्य कार्रवाई की जा रही है। परिवार व अन्य लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग और पैसे के लेन देन की बात सामने आ रही है। पुलिस द्वारा हर बिंदु पर जांच की जा रही है।
> **मंजू नाथ टीसी, एसएसपी।**

# बनभूलपुरा हिंसाः दो आरोपियों की जमानत सुप्रीम कोर्ट से रद्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों की डिफॉल्ट जमानत निरस्त कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अभियुक्तों को दो सप्ताह के भीतर संबंधित न्यायालय या जेल में आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि 8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुई हिंसक घटना के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारियों और नगर निगम कर्मचारियों पर हमला किया था।

इस दौरान थाना परिसर, सरकारी वाहनों और अन्य सरकारी संपत्तियों में आगजनी और तोड़फोड़ की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बनभूलपुरा में कई अभियोग दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तकनीकी माध्यमों के आधार पर कई आरोपियों की पहचान कर उन्हें नामजद किया गया। बाद में प्रकरण में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धाराएं भी जोड़ी गईं। इस मामले में अभियुक्त जावेद सिद्दीकी और अरशद अयूब को वर्ष 2025 में डिफॉल्ट बेल मिली थी। इसके खिलाफ उत्तराखंड शासन, पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की गई। राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र सेठी, डीएजी आशुतोष शर्मा सहित अन्य शासकीय अधिवक्ताओं ने प्रभावी पैरवी की। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेश को निरस्त करते हुए दोनों आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

### कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ सड़क हादसे का मुकदमा

**हल्द्वानी।** पांच माह पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए युवक की तहरीर पर जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित युवक ने न्यायालय की शरण ली। इस मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी की अदालत के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार देवलधार चमौली निवासी दिनेश कुमार ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसका भाई सत्येंद्र कोहली बीते वर्ष 17 दिसंबर की सुबह करीब पौने 6 बजे स्कूटी से हल्द्वानी से पंतनगर स्थित अपने कार्यस्थल जा रहा था। सुशीला तिवारी के पास एक डंपर ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में उनका भाई सत्येंद्र कोहली गंभीर रूप से घायल हो गए। एसटीएच से सत्येंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोप है कि घटना के दिन ही कोतवाली हल्द्वानी में लिखित शिकायत दी, जिसकी रिसीविंग 19 दिसंबर को दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसी वर्ष 17 मार्च एसएसपी को भी शिकायत भेजी गई। जिसके बाद पीड़ित को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### घर से निकला युवक लापता

**हल्द्वानी।** घर से बिना बताए निकला युवक अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब युवक घर नहीं लौट तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर उसकी सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव वैलेजली लॉज निवासी त्रिलोक राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका बेटा आशीष आर्या बीती 2 मई की दोपहर वह बिना बताए घर से निकला और फिर लौट कर नहीं आया। हर जगह उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। कोतवाल विजय मेहता ने बताया परिजनों की तहरीर के आधार पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

## अनिता अग्रवाल चार्टर अध्यक्ष, सुमन बनीं उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने भारत सरकार की महिला आरक्षण नीति का समर्थन करते हुए संगठन में



महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। क्लब की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए तीन महिलाओं को विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें अनिता अग्रवाल को चार्टर अध्यक्ष बनाया गया, इसके साथ ही सुमन आशीष जैन को उपाध्यक्ष तथा राखी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि इस कदम से संगठन में महिलाओं की भूमिका और अधिक सशक्त होगी तथा समाज सेवा के कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी, साथ ही आशा व्यक्त की है कि नवनियुक्त महिला पदाधिकारी समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगी और संगठन के कार्यों को नई दिशा देंगी। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, महासचिव मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल, डा. अनुज अग्रवाल, अनुजकांत अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संजय गर्ग, विजय कुमार शर्मा, मुकेश अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से युवक घायल मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक युवक सड़क किनारे से पैदल अपने घर जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, और सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत नाजुक होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हरिपुर कुवर सिंह आनंदपुर निवासी पूरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 4 मई की शाम उनका बेटा अजय सिंह नैनीताल मोटर्स से घर की तरफ पैदल पैदल आ रहा था। तभी तेज रफ्तार एक टैक्सी नंबर की कार ने अजय को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी हालत नाजुक देखते हुए परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर टैक्सी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## चोरी के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** टीपीनगर क्षेत्र में बीते एक मई को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हरिपुर मोतिया देवलचौड़ रामपुर रोड निवासी मनोज कुमार जोशी पुत्र गोपाल दत्त जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते एक मई को अपने अपने घर कोटाबाग गए थे। तभी रात में अज्ञात चोरों ने उनके घर से करीब 15 तोला सोना व चांदी के जेवरातों में हाथ साफ कर दिया। चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों की पहचान की जा रही है, और जल्द ही चोरो को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### स्मैक की पुड़िया बनाते तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को उस समय रंगेहाथ गिरफ्तार किया जब वह दानिश के बगीचे में स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बना रहा था। पुलिस ने तस्कर के पास से 9.87 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, सुच्चा सिंह उत्तर उजाला क्षेत्र में दानिस के बगीचे में सत्यापन करने गए थे। यहां बारातों की घोड़ा बुग्गियों के चालकों, हेल्परों का सत्पान हो रहा था। तभी एक बुग्गी में बैठा युवक हड़बड़ी में भागने लगा और गिर पड़ा। शक होने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. हासिम पुत्र बरकत अली निवासी उत्तर उजाला बताया। तलाशी में पुलिस ने उसके पास से स्मैक की पुड़िया बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह किच्छा रेलवे स्टेशन चौराहे के पास एक व्यक्ति से स्मैक लेकर आया था और बुग्गी में बैठकर उसकी पुड़िया बना रहा था।

# पानीः जलसंस्थान में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा के राजेन्द्र नगर वार्ड-12 में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। राजेन्द्र नगर के लोग स्थानीय पार्षद प्रीति आर्या के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय जा धमके और पेयजल किल्लत को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद लोगों ने सहायक अभियंता का घेराव कर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रवासियों ने चेताया अगर शीघ्र ही पेयजल किल्लत की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लोग जल संस्थान कार्यालय में उग्र आंदोलन को बाध्य होगे।



इस दौरान पार्षद प्रीति आर्या ने कहा कि क्षेत्र में पिछले दो सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है। पेयजल को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को भी अवगत करा चुके है लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस गर्मी के मौसम में लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे है। इसके साथ ही पार्षद ने नाले के अंदर से गुजर रही पानी की लाइन को तत्काल हटाने की भी मांग की और चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह क्षेत्र की जनता के साथ कार्यालय में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। प्रदर्शन व घेराव करने वालो में हेमंत साहू, पनीराम, साहिल राज, बबीता देवी, माया आर्या, नंद किशोर, कविता देवी, महेश राम, गुड्डी देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की परिचय बैठक संपन्न, संगठन विस्तार जल्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला नैनीताल की परिचय बैठक बुधवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से मोर्चा पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य और 25 मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने कहा कि नवगठित टीम के कार्यकर्ताओं का वरिष्ठ नेताओं से परिचय कराने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि इस परिचय बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को भाजपा नेतृत्व से




जोड़ना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मंडलों में अनुसूचित बस्तियों में चौपाल एवं बैठकें आयोजित की जाएंगी, साथ ही विधानसभा स्तर पर सम्मेलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। बैठक में जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने अनुसूचित समाज को मोर्चा के माध्यम से संगठित करने पर बल दिया और पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात कही। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्र प्रसाद, जिला प्रभारी दया किशन पोखरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, प्रदेश मंत्री दीपा भारती, प्रदेश प्रवक्ता आशारानी सहित मोर्चा के जिला महामंत्री भुवन आर्य, चंद्र प्रकाश आर्य, नीलम आर्य, नेहा आर्य, सोनी टम्टा, दीपा आर्य, शुभम उत्तम, दिनेश सागर, ऋषभ भारती, गणेश आर्य, प्रकाश राम, मनोज मौर्या, नंदकिशोर आर्य, बालाराम, किशोरी राम, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, बॉबी आर्य, आशीष कुमार, मुकेश कुमार, नारायण राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने समझी शोध पद्धति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा द्वारा एमए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चार दिवसीय अनिवार्य शोध कार्यशाला का तीसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यशाला 4 से 7 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध प्रबंध (डिजर्टेशन) के लिए वैज्ञानिक शोध पद्धतियों और व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना है। कार्यशाला का आयोजन पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चन्द्र रयाल के निर्देशन में किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्य में अनुशासन, मौलिकता और



गंभीरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में सीता (मनोविज्ञान विभाग) ने शोध में रुचि और उसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध प्रक्रिया में जिज्ञासा और निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी। इसके बाद आशुतोष भट्ट ने उभरती प्रौद्योगिकी और डिजिटल रिसर्च टूल्स के प्रभावी उपयोग पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक शोध में तकनीक की भूमिका तेजी से बढ़ रही है और विद्यार्थियों को डिजिटल साधनों का सही उपयोग करना चाहिए। कार्यशाला में हिंदी विभागाध्यक्ष शंशाक शुक्ल ने साहित्य समीक्षा (लिटरेचर रिव्यू) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी शोध कार्य की नींव पूर्व अध्ययनों के गहन विश्लेषण पर आधारित होती है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक विनायक तिवारी और हर्षिता मेहता मौजूद रहे।

# डीके स्पोर्ट्स सेमीफाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान मे कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच आज बुधवार को एमएस क्रिकेट ग्राउंड में डीके स्पोर्ट्स और एचसीसी के मध्य हुआ। एचसीसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 31वें ओवर में 84 रन बनाकर आल आउट हो गई। डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज देवांग नेगी, लव आर्या, रक्षित व राकेश बिष्ट ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने 18वें ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया। एच सी सी के गेंदबाज अंकुश शर्मा ने 2 विकेट लिए। टीम के लिए हार्दिकराज के 43, ईशान जोशी के 25 रनों की शानदार पारी खेली, और टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी के लिए डीके स्पोर्ट्स के गेंदबाज रक्षित को दिया गया। अंपायर की भूमिका में ललित कुमार और विनोद पंतोला जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी मौजूद रहे।



# पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश में लगातार पुलिस द्वारा लोगों पर किए जा रहे उत्पीड़न के विरोध में विभिन्न संगठनों के लोग बुधवार को एसपी सिटी मनोज कत्याल से मिले और उनके माध्यम से पुलिस महानिदेशक देहरादून को ज्ञापन भेजकर शीघ्र ही दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विभिन्न संगठनों द्वारा पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि बीते दिनों 20 वर्षीय पंकज कुमार पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र, ग्राम रैतपुर, सतपुली, पौड़ी गढ़वाल ने रैतपुर-भिताड़ा पुल से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व पंकज ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट वहां की पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। जबकि दूसरे मामले में नैनीताल जिले के खैरना का है, जहां बालम सिंह बिष्ट ने कथित पुलिस मारपीट से



क्षुब्ध होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। तीसरे मामले में टिहरी जिले के लम्बगांव का है, जहां निजी विद्यालय चलाने वाली रूबीना ने आरोप लगाया कि धर्म के आधार पर कुछ लोगों ने उसका घर जला दिया। वीडियो साक्ष्य देने के बावजूद लम्बगांव पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके साथ ही उन्होंने देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज को भी इसका उदाहरण बताया गया। विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि शीघ्र ही दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालो में भाकपा माले के सचिव डा.कैलाश पाण्डेय, समता सद्भावना मंच के संयोजक भुवन पाठक, व्यापार संघ बिंदुखत्ता के अध्यक्ष प्रभात पाल और अखिल भारतीय किसान महासभा के अमित कोहली शामिल रहे।

# पर्यटन, यात्रा मार्गों पर कड़ी सुरक्षा

## हाईअलर्ट पर नैनीताल जिलाः अब केंद्रीय बल के हाथों कमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद नैनीताल जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाईअलर्ट जारी कर दिया गया है। पर्यटन सीजन, चारधाम और मानसखंड यात्रा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में केंद्रीय सुरक्षा बलों की दो कंपनियां तैनात की गई हैं। नैनीताल, हल्द्वानी, कैंची धाम और प्रमुख यात्रा मार्गों पर चौकसी कई गुना बढ़ा दी गई है। बुधवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमले किए थे। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए इस बार



डा. मंजुनाथ टीसी, एसएसपी

सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में सशस्त्र जवानों की तैनाती की गई है, जबकि खुफिया एजेंसियां भी लगातार निगरानी कर रही हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की एक कंपनी को काठगोदाम, हल्द्वानी और लालकुआं क्षेत्र में तैनात किया गया है, जबकि दूसरी कंपनी कैंची धाम, नैनीताल, मल्लीताल और हाईकोर्ट रूट पर सुरक्षा संभाल रही है। इन बलों का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही किसी भी आपात स्थिति में क्विक रिस्पॉन्स टीम एटीएस के रूप में तत्काल कार्रवाई करना है। उन्होंने बताया कैंची धाम में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए कैंची धाम, नैनीताल और मल्लीताल क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र सक्रिय है। इसके साथ ही एसएसपी ने बताया पर्यटन स्थलों, होटल क्षेत्रों, पार्किंग और प्रमुख चौराहों पर पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त गश्त बढ़ा दी गई है। वाहनों की सघन चेकिंग भी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यात्रा सीजन के दौरान हुड़दंग या नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान संयम और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डायवर्जन प्लान और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### निधन पर शोक जताया

**हल्द्वानी।** पुरातत्व विभाग से सेवानिवृत्त भगवान सिंह परगाई का बीते मंगलवार को दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से जनपद बागेश्वर के रतमोली गांव निवासी भगवान सिंह परगाई सेवानिवृत्ति के बाद परिवार के साथ मोटाहल्दू में रह रहे थे। बताया गया कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार शाम परिजन उन्हें उपचार के लिए दिल्ली ले गए थे, जहां मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार शाम उनका पार्थिव शरीर मोटाहल्दू लाया गया। बुधवार को चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके इकलौते पुत्र गणेश सिंह ने मुखाग्नि दी। इस दौरान भतीजे शंकर, बालम और राजा परगाई भी मौजूद रहे। घाट पर उनका पोता मानस और बड़े भाई हयात सिंह समेत अन्य परिजन उपस्थित थे। भगवान सिंह परगाई पत्नी, दो पुत्रियां और एक पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# जमीन के नाम पर ठगी, कुमाऊं कमिश्नर से शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा के माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने बताया कि रक्षित शर्मा पुत्र ललित शर्मा, निवासी कुमाऊं कालोनी, जवाहर (ज्योति दमुवादूंगा, रामपुर रोड) क्षेत्र के भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर फर्जी जमीन दिखाकर ठगी कर रहा है। आरोप है कि वह दूसरों की जमीन को अपनी बताकर नकली एग्रीमेंट तैयार करता है और लोगों से पैसे वसूलता है। पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा के अनुसार, पीड़ित ने 30 मार्च 2026 को रक्षित शर्मा को 1 लाख 20 हजार रुपये नगद और 60 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। इस प्रकार कुल 1 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई। आरोप है कि आरोपी ने 15 अप्रैल 2026 तक रकम वापस करने का वादा किया था, जिसका एक वीडियो भी मौजूद है, लेकिन 6 मई 2026 तक पैसा वापस नहीं किया गया। समाजसेवियों ने यह भी आरोप लगाया कि दमुवादूंगां क्षेत्र में फर्जी एग्रीमेंट के जरिए अवैध रूप से जमीन बेचने का बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए कमेटी गठित करने और अन्य संभावित पीड़ितों की पहचान करने की मांग की है। इस संबंध में समाजसेवियों ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मुलाकात कर पूरी जानकारी दी। कमिश्नर ने मामले में उचित कार्रवाई और पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित को 9 मई को कैंप कार्यालय में बुलाया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आपदा में हर स्थिति से निपटने को तैयार रहें अधिकारी: एडीएम

■ मानसून काल में जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने को लेकर की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने जिला आपदा प्रबन्धन सभागार में बैठक लेते हुए कहा कि मानसून काल में जल भराव, बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां अभी से कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर लें तथा ऐसे क्षेत्र जहां पर पिछले वर्षो में जलभराव एवं बाढ का अधिक प्रभाव रहा है वहां पर जल निकासी व सुरक्षात्मक कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अभी भी यदि किसी नदी, नाले, नहरों से मलवा हटाने अथवा ड्रेजिंग की जरूरत हो तो सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रो मे सिंचाई, लोनिवि, निकाय अधिकारियो के साथ निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी नाली व नालो की सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा जीओ टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व सभी नहर, नाली व नालो की दुबारा सफाई कराना भी सुनिश्चत करेगें साथ ही वर्षाकाल के दौरान जल भराव वालें क्षेत्रों छिड़काव हेतु पर्याप्त दवाएं भी रखने के निर्देश दिये। उन्होने सड़क महकमों को निर्देश दिए कि स्कवर, पुलिया के नीचे का मलवे की सफाई करना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा वर्षाकाल में शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव हो जाता है, इसलिए सभी कार्यदायी संस्थाए रिवर चैनेलाइजेशन व नालों, नालियों की सफाई कार्यो को 15 जून से पूर्व पूर्ण कर लें। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं को विद्युत लाइनों से लगें पेड़ों की लापिंग-चापिंग कराने के साथ ही खराब विद्युत पोल बदलने व विद्युत तारों को कसने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को आपदा के दौरान खाद्य सामाग्री वितरण हेतु मानकों के अनुसार टेंडर व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, ओसी हिमांशु कफल्टिया, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, जिला पंचायतराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे व अन्य अधिकरी वर्चुअल माध्यम से जूड़े।

## चेयरमैन ने सुनीं वार्डवासियों की जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी ने वार्ड नंबर 1 के वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने पूरे वार्ड का व्यापक भ्रमण किया और क्षेत्र की सड़क एवं नाली व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने पाया कि कुछ स्थानों पर जल निकासी और सड़कों की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं को अविलंब बेहतर बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। अध्यक्ष जोशी ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पालिका प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर सभासदपति अरुण राणा, सभासद कविता पचोली, सभासद लक्ष्मण भंडारी, कुंडल भंडारी, अर्जुन ज्याला, शुभम पटवा और अर्पित कॉलोनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व वार्डवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### निशांत और निमिषा के एकलव्य में चयन पर हर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला के कक्षा 6 की छात्रा निमिषा राना का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय में हुआ है। निमिषा ने एकीकृत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिरिया से कक्षा पांच उत्तीर्ण किया है और इनके माता पिता मजदूरी करते हैं। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मझोला के निशांत का भी चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है और निशांत के माता पिता भी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। उक्त दोनों छात्रों के चयन पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला के प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रताप पाण्डेय, सर्वेश कुमार गंगवार , ज्योति बिष्ट, ललित मोहन कापड़ी तथा प्राथमिक विद्यालय बिरिया और मझोला के प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा, हरीश सिंह कनवाल, रमेश चंद्र तिवारी, भगवान चंद सहित एसएमसी के पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने सफल छात्रों और प्रधानाचार्य को शुभकामनाएं दी हैं।

### बंगाली समाज ने महापौर के आवास पर झालमुड़ी बांटकर मनाई जीत की खुशी


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा को मिली शानदार जीत पर बंगाली समाज के लोगों ने महापौर विकास शर्मा के निवास पर पहुंचकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जीत की खुशी में एक-दूसरे को झालमुड़ी बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर संजय नगर खेड़ा से आए बंगाली समाज के लोगों ने महापौर को क्षेत्र की सड़क सहित अन्य जन समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन भी सौंपा जिस पर महापौर ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।



इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि बंगाली समाज भाजपा का अभिन्न अंग है। पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर पार्टी में जो आस्था व्यक्त की है उससे संगठन राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के जो चुनाव परिणाम आए हैं उनके भविष्य में सुखद और सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे। महापौर ने विश्वास जताया कि इन परिणामों का लाभ आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी को मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद पवन राणा, पार्षद एमपी मौर्य, पार्षद दर्शन कोली, मुकेश मंडल, सीता मल्लिक, विधान मंडल, अजीत गाईन अंजली सरदार, तारा मंडल, मीना सिखदर, देव सरदार, पंकज, निखिल, तपन, अमल, विमल गाईन आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रों को भी देखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखी जाए तथा साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।

### कल्याणी नदी किनारे बन रहे अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान आज भी जारी रहा। आज निगम की टीम द्वारा मौहल्ला खेड़ा में एक व्यक्ति द्वारा कल्याणी नदी के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये जा रहे भवन के गेट को ध्वस्त कर दिया गया और अतिक्रमणकारी को भविष्य में पुन: अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी। जानकारी के अनुसार निगम अधिकारियों को सूचना प्राप्त हुई कि मौहल्ला खेड़ा में एक व्यक्ति द्वारा कल्याणी नदी के किनारे अवैध निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर निगम के अधिकारी मनोज व शुभम दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कराये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उनका कहना था कि करीब एक माह पूर्व भी अतिक्रमणकारी को नोटिस देकर निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके निर्माण कार्य लगातार जारी रहा। उनका कहना था कि नदी के दोनों ओर 30- 30 मीटर में बने सभी अवैध निर्माण हटाये जाने हैं ताकि कल्याणी नदी की बेहतर सफाई कराकर इसे नदी का रूप दिया जा सके और हर वर्ष नदी में आने वाली बाढ़ से लोगों की रक्षा की जा सके। लेकिन चेतावनी देने के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहा। टीम ने अवैध निर्माणाधीन भवन का गेट ध्वस्त कर दिया। और अतिक्रमणकारी को पुन: अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान अतिक्रमणकारी व्यक्ति द्वारा बार बार अतिक्रमण हटाने में एक समान नीति पर कार्य करने को कहा जा रहा था। उसका कहना था कि बस्ती में सैकड़ों अवैध घर बने होने के बाद भी सिर्फ उसी के घर को तोड़ा जा रहा है।

### आबकारी विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी आयुक्त के आदेश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण व बिक्री भंडारण को रोकने के क्रम में अपराध निरोध क्षेत्र 4 बाजपुर के महेशपुरा चेक पोस्ट में रोड चेकिंग की गई। चेकिंग जनपदीय प्रवर्तन दल और क्षेत्र 04 बाजपुर की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जिस टीम में आबकारी निरीक्षक श्री महेंद्र सिंह बिष्ट, उप आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, आबकारी सिपाही राखी , रेनुका बोरा , वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर ज्ञापन दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** जिम कॉर्बेट रिजॉर्ट्स जीएम एसोसिएशन द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रामनगर को क्यारी एवं छोई की क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत करने को लेकर एक ज्ञापन दिया गया।दिए गए ज्ञापन में एसोसिएशन ने बताया कि वर्तमान समय में क्यारी और छोई दोनों गांव की सड़कों में इतने गड्ढे हो गए हैं कि रिजॉर्ट्स में आने वाले पर्यटकों और ग्रामीणों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवं उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जो कि पर्यटन की दृष्टि से बहुत गलत है।सड़को के क्षतिग्रस्त होने से पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।साथ ही साथ एसोसिएशन द्वारा यह भी बताया गया कि ना केवल पर्यटन बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़को की मरम्मत करने की मांग की है।वही अधिशासी अभियंता संजय चौहान ने बताया कि इन सड़को को ठीक करने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है।बजट मिलने पर जल्द से जल्द सड़को की मरम्मत कर दी जाएगी।इस मौके पर अध्यक्ष राजीव शाह,उपाध्यक्ष सुन्दर सिंह बिष्ट,सचिव किरण सागर,,राजेश पंत,प्रकाश पाठक,देवी सिंह,बबीता मेहरा, एन डी पालीवाल,लक्ष्मण रावत,दीप छाबड़ा,मनीष,पुष्पेंद्र,महिपाल, सुधीर आदि मौजूद रहे।

## आवारा पशु से टकराकर गिरे बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा ,मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड एनएच 74 हाईवे पर धौलपुर के पास एक बाइक सवार युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक सवार सड़क पर घूम रहे आवारा पशु से टकराकर गिर गया था, तभी पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने उसे रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम अलखदेवा निवासी 39 वर्षीय परविंदर सिंह उर्फ पिन्दर पुत्र रंजीत सिंह रुद्रपुर स्थित आस्था इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में कार्य करता था। मंगलवार रात करीब सवा दस बजे वह रोजाना की तरह बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह धौलपुर के पास पहुंचा, अचानक रास्ते में एक आवारा पशु आ गया जिससे टकराकर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा।

इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने परविंदर को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में को. हराम मच गया। मृतक की पत्नी, पुत्र और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक तिलकराज बेहड़, समा. जसेवी सुशील गावा सहित तमाम लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान लोगों ने आवारा पशुओं के कारण हाईवे पर आए दिन हो रहे हादसों पर गहरा रोष व्यक्त किया और प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## निर्माणाधीन पुल के पास तेज रफ्तार कार का कहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ व्यक्ति को मारी टक्कर, हालत गंभीर, चालक फरार

**बाजपुर।** बेरिया रोड स्थित निर्माणाधीन पुल के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में घायल व्यक्ति की पहचान राजीव नगर निवासी सुधीर कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धि विनायक पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे काशीपुर रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के नेता अरविंद यादव ने अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल-चाल जाना और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेरिया रोड पर निर्माणाधीन पुल का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे आए दिन हादसों की स्थिति बनी रहती है।

अधूरे निर्माण और अव्यवस्थित यातायात के चलते कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं, जबकि कई बार लोग बाल-बाल बचते रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## ब्लॉक प्रमुख पति ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुधवार को ब्लॉक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर ने बाजपुर क्षेत्र के ग्राम महेशपुरा में स्थित बीडी पब्लिक स्कूल पहुंचकर कक्षा एक से आठ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम के दौरान आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, बाजपुर की छात्रा मुर्शीदा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुर्शीद ने इंटरमीडिएट मेरिट सूची में उत्तराखंड में नौवां स्थान प्राप्त कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जोरावर सिंह भुल्लर ने उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर उन्होंने मुर्शीदा की इस उपलब्धि के उपलक्ष में विद्यालय में सोलर लाइट लगवाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक देवी राम, प्रधानाचार्य जयपाल सिंह, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवदीप कंग, रंजीत गिल, ग्राम प्रधान पति लीलाधर सैनी, इमरान रजा, गोल्डी कंग,मन्नू सिंह आदि मौजूद रहे।

## उप तहसील में फर्जी अतिक्रमण रिपोर्ट के विरोध में किसानों का धरना प्रदर्शन

■ उप जिला अधिकारी को पत्र सौंप कर सर्वे की सही रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग

■ कांग्रेस के अशोक सिंह राना का अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों को समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** उप तहसील नानकमत्ता के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरौजा के ग्रामीण वजिंदर सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह ने सैकड़ो समर्थकों के साथ उप तहसील नानकमत्ता में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया ।

बुधवार को तहसील प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पीड़ित वजिंदर सिंह ने उप जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में आरोप लगाया हैं की राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उसके विरुद्ध पूर्व में चुनाव लड़ने से रोकने के लिए उसके विरोधियों के साथ मिलकर एक भूमि पर अतिक्रमण करना दिखाकर बिना नोटिस के चुनाव के नामांकन निरस्त करा दिये गये।आरोप हैं की अतिक्रमण से संबधित शिकायत के बाद सर्वे कराया गया जिसमें पिडित का कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया है। सर्वे के बाद अन्य नम्बर की भूमि पर अतिक्रमण दिखाया गया हैं जबकि उस भूमि पर गांव के कश्मीर सिंह लम्बे समय से खेती कर रहे है। राजस्व विभाग द्वारा फर्जी कारवाई से मानसिक तनाव का आरोप लगाते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे लोगों ने मांग करते हुए कहा हैं की उन्हें सही सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध करायी। इधर कांग्रेसी नेता अशोक सिंह राना ने उप तहसील पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों का समर्थन को अपना समर्थन दिया है।यहां धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अशोक सिंह , पूर्व ग्राम प्रधान सुखविंदर सिंह मोमी, मलूक सिंह खिंडा, बलजीत सिंह ,जिंदर सिंह, फौजा सिंह, बलजीत सिंह मनदीप सिंह, कृपाल सिंह ,जितेंद्र सिंह जगीर सिंह सहित सैकडों ग्रामीण धरने पर मौजूद रहे।

## बन्नाखेड़ा-बैलपड़ाव मार्ग पर हाथियों का झुंड, लोगों में हलचल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार शाम बन्नाखेड़ा-बैलपड़ाव मार्ग पर अचानक जंगली हाथियों का झुंड सड़क पर आ गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सड़क से गुजर रहे लोगों ने हाथियों को देख अपने वाहन रोक लिए और सुरक्षित दूरी बना ली। वहीं कई लोग इस दृश्य को देखकर उत्साहित भी नजर आए और उन्होंने मौके पर वीडियो व फोटो बनानी शुरू कर दी। कुछ समय तक हाथियों का झुंड सड़क पर ही विचरण करता रहा, जिसके चलते आवागमन भी प्रभावित हुआ। बाद में झुंड धीरे-धीरे वन क्षेत्र की ओर लौट गया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

विशेषज्ञों के अनुसार जंगलों में भोजन और पानी की कमी, वन क्षेत्र में बढ़ता मानव हस्तक्षेप, तथा प्राकृतिक आवास का सिकुड़ना जंगली जानवरों के आबादी वाले क्षेत्रों और सड़कों की ओर आने के प्रमुख कारण हैं।

इसके अलावा खेतों में फसलों की मौजूदगी भी हाथियों को आकर्षित करती है। प्रशासन और वन विभाग से ऐसे क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने की जरूरत बताई जा रही है।

## सत्रहमील चौकी इंचार्ज ललित बिष्ट का स्थानांतरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ नए चौकी प्रभारी राय ने संभाला कार्यभार

**खटीमा।** सत्रहमील चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस प्रशासन में फेरबदल किया गया है। इसी क्रम में वर्तमान चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट का अन्यत्र स्थानांतरण हो गया है। इसके पश्चात अब नए चौकी प्रभारी राकेश राय ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

कार्यभार संभालने के बाद चौकी प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताएं उन्होंने कहा कि क्षेत्र बताया अपराधों पर अंकुश लगना और अवैध गति. विधियों को रोकना और आम जनता व पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना मुख्य लक्ष्य होगा। निवर्तमान प्रभारी ललित बिष्ट के कार्यकाल की भी क्षेत्रवासियों ने सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने निवर्तमान चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को भावभीनी विदाई दी।

इस दौरान पूर्व ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह, प्रधान पति गुरप्रीत सिंह खिंडा, निहाल सिंह, बब्बू चिमा, मंदीप सिंह ,बब्बन अंसारी, शाकिर सलमानी, निजामुद्दीन, शकील अंसारी, जितेंद्र सिंह, सोनू, आलोक, भारत सिंह, मनजिंदर सिंह हांडा ,महिला मोर्चा अध्यक्ष कुलविंदर कौर, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सोनी कौर आदि मौजूद रहे।

## विधिक सेमिनार का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** युवा कांग्रेस उत्तराखंड के विधि प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को रामनगर के एक रिजॉर्ट में एक भव्य "विधिक सेमिनार" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट फैजुल हक के नेतृत्व में किया गया।सेमिनार का उद्देश्य युवा अधिवक्ताओं, छात्रों एवं कार्यकर्ताओं को संविधान, विधिक अधिकारों एवं न्याय व्यवस्था के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता रूपेश सिंह भदौरिया और विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ किया गया। सेमिनार के दौरान वक्ताओं ने संविधान की मूल भावना, युवाओं की भूमिका, न्याय व्यवस्था एवं सामाजिक अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अधिवक्ता रूपेश सिंह भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में युवाओं को संविधान और कानून की जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जागरूक समाज ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान होता है। अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी केवल न्यायालय तक सीमित नहीं बल्कि समाज को जागरूक करना भी है। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान देश की आत्मा है और युवाओं को इसके मूल्यों को समझकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सामाजिक एवं संवैधानिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एडवोकेट फैजुल हक, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत,मोहम्मद अजमल, जावेद खान, दीप्ति भारद्वाज, मीमांसा आर्य, संजीव अग्रवाल, पूरन पांडे, रूपेश सिंह भदौरिया, गिरीश बिष्ट, शुइब रजा आदि मौजूद रहे।

## 22 साल की सेवा के बाद घल्डियाल ने लिया वीआरएस

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रामनगर।** राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहे ताराचंद घिल्डियाल ने 22 वर्षों की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेकर अब समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय लिया है।

बुधवार को काशीपुर रोड स्थित एक रिजॉर्ट में प्रेसवार्ता के दौरान ताराचंद्र घिल्डियाल ने कहा कि 22 वर्षों से वह नैनीताल में राजस्व निरीक्षक के रूप में कार्य कर रहे और 30अप्रैल 2026 को उनका सेवानिवृत्ति आवेदन स्वीकृत हो गया। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने आगामी कार्यक्रमों को लेकर जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब उनका पूरा ध्यान सामाजिक सरो. कारों और जनजागरूकता पर रहेगा उन्होंने बताया कि उनकी संस्था "नेकी की दीवार" के माध्यम से वह पहले से ही सामा. जिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं, जिसे अब और विस्तार दिया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने 'नेकी प्रहरी विंग' की शुरुआत की घोषणा की।

उन्होंने विशेष रूप से राजनी. तिक जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में मतदाताओं को अपने अधिकारों और जनप्रतिनिधियों की जवाबदे. ही को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अक्सर जनता अपने प्रतिनिधियों को चुनने के बाद उनसे जुड़े वादों की समीक्षा नहीं कर पाती, जिससे जवाबदेही की कमी रह जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए 'नेकी प्रहरी विंग' के माध्यम से विधानसभा स्तर पर पॉलिटिकल अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जाएगा। इसके जरिए जनता से फीडबैक लिया जाएगा और यह जानकारी जनप्रतिनिधियों व सरकार तक पहुंचाई जाएगी, ताकि वे अपने कार्यों में सुधार कर सकें।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के कुछ महीने शेष हैं।ऐसे में यह पहल जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है।ताराचंद ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य समाज और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है, जिससे एक जागरूक और जिम्मेदार समाज का निर्माण हो सके। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव को लड़ने को लेकर कहा कि समय आने बता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान समाज सेवा में रहेगा।

# एडीएम ने किया फाजलपुर महरौला में सीलिंग की भूमि का निरीक्षण



■ भूमि पर अवैध कब्जे और अवैध रूप से विद्यालय संचालन की मिली थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने ग्राम फाजलपुर महरौला रुद्रपुर में सीलिंग की वाद ग्रस्त भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत एवं अवैध रूप से विद्यालय संचालन की शिकायत पर मौके पर पहुंचकर जांच की।

निरीक्षण के दौरान ग्राम फाजलपुर महरौला में कपहपजंस हसवइंस ूवतसक `बीववस के मालिक शकील द्वारा वाद ग्रस्त सीलिंग की लगभग 400 वर्ग मीटर भूमि पर बिना भूमि स्वामित्व के बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा किया जा रहा था। राजस्व विभाग द्वारा उक्त भूमि के गेट को सील करके अपने कब्जे में लिया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्कूल का मूल भवन लगभग 400 वर्ग गज पर बना है किन्तु बिना भूमि के स्वामित्व एवं मानचित्र के स्कूल संचालन की मान्यता वर्ष 2025 में प्राप्त कर संचालन किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को कल तक जांच कर एवं वैधानिक कार्रवाई करते हुए अवगत कराने के निर्देश मौके पर दिए। अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्र में अवैध निर्माण के अन्य प्रकरण की तत्काल जांच के निर्देश प्राधिकरण और राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए गए। उन्होन क्षेत्र में बिना भूमि स्वामित्व एवं स्वीकृत मानचित्र के विद्युत कनेक्शन न देने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियो को दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, सहित प्राधिकरण, विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 16 वर्षीय बालिका के साथ तीन युवकों द्वारा किया गया सामूहिक दुराचार

■ पुलिस ने बालिका को सुरक्षित बरामद कर कराया उसका मेडिकल

■ बीमार पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** यहां ग्रामीण क्षेत्र से अपने पिता के उपचार के लिए आई 16 वर्षीय बालिका का दिनदहाड़े कथित अपहरण कर उसे अज्ञात स्थान में ले जाने की घटना ने पूरे जिले को शर्मशार कर दिया है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं यहां की प्रकृति व संस्कृति की एकदम विरुद्ध है तथा ऐसे अपराधिक मामलों को शक्ति के साथ कुचला जाना चाहिए। यह घटना विगत मंगलवार 5 मई की है बताया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र से एक व्यक्ति अपने उपचार के लिए अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ जिला चिकित्सालय आया था लेकिन दिन के 2:30 बजे बाद वह दिखाई नहीं दी बाद में फोन से पता चला कि वह किसी युवक के साथ बारात में गई है जब देर रात तक वह नहीं लौटी तो पिता की चिंता बढ़ गई तथा लगातार बेटी के से संपर्क करते रहे। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला रात लगभग सवा दो बजे बेटी का फोन आने के कुछ समय बाद वह बंद हो गया।



अलबत्ता बीमार पिता की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही सभी स्थानों की नाकेबंदी कर बालिका को सल्ली गांव से सुबह 4:00 बजे बरामद कर लिया लेकिन बालिका नग्नावस्था में थी तथा उसे बाध कर रखा गया था तथा तीनों अभियुक्त उसे कमरे में छोड़कर फरार हो गए थे।

पुलिस ने सकुशल बालिका को जिला चिकित्सालय ले जाकर उसका उपचार करने के साथ चिकित्सा परिक्षण कराया। बालिका के अनुसार अभियुक्तों ने उसे हथियार दिखाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और घटना की अन्य लोगों को जानकारी दिए जाने पर जान से मारने की भी धमकी दी है कि यह जो उसने किसी को घटना की जानकारी दी तो वह जान से हाथ धो देगी।

घटना की सूचना मिलने पर नगर तथा गांव के तमाम लोग यहां कोतवाली में पहुंच गए तथा दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करने लगे। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि बालिका के पिता की रिपोर्ट के आधार पर तीनों युवकों के विरुद्ध नामजद गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा बालिका की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अपराधी धाराओं में और तब्दीली की जाएगी।

बहरहाल उनका कहना है। इस प्रकार की अपराधों को पुलिस शक्ति से निपटेगी तथा किसी को भी यहां के शांत वातावरण को कंपीत करने की इजाजत निही दी जा सकती है। एसपी ने बताया कि बालिका के पिता द्वारा पुलिस को जानकारी देने के बाद पुलिस उसी वक्त से ही सक्रिय हो गई थी तथा उसने सुबह तड़के बालिका को यहां से लगभग 20 किलोमीटर दूर एक गांव में बरामद कर लिया।

घटना की विवेचना महिला एसआई प्रियंका द्वारा की जा रही है। उधर घटना को लेकर सियासी पारा भी चढ़ गया है कांग्रेस के प्रांतीय सचिव आनंद मेहरा ने जहां इस घटना को गंभीर एवं संगीन आपराधीक प्रवृत्ति बताते हुए पहाड़ों में दस्तक दे रही मनोवृत्तियों पर अपनी चिंता जाहिर की है वही उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्वाचन क्षेत्र में इस प्रकार की वारदातों को हर किसी के लिए एक अशुभ संकेत बताया है।

इस घटना की गूंज देहरादून के राजनीतिक गलियारों में भी सुनी जा रही है। बहरहाल पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस मामले में पुलिस युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है तथा नामजद अपराधीयों को तत्काल पकड़ने के आदेश दिए गए हैं। एसपी का कहना है लोगों को इस प्रकार की मनोवृत्तियों को पनपने से रोकने में पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

# 20 सूत्रीय मांगपत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर भड़के सफाई कर्मचारी

■ 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो होगी हड़ताल

■ अधिशासी अधिकारी को सौपा मांगपत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ नगर पालिका खटीमा द्वारा अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 9 अप्रैल 2026 के मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन में उक्त मांग पत्र पर 24 अप्रैल 2026 को समस्याओं के समाधान हेतु करवाई गतिमान बताई गई थी। उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ द्वारा मांग पत्र पर 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य को सौंपे गए ज्ञापन में उत्तराख सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष ग्रेस देवी देवी ने कहा है कि नगर पालि. का के सफाई कर्मचारी संघ द्वारा 9 अप्रैल 2026 को 20 सूत्री मांग पत्र अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य को सौंपा था। मांग पत्र में पुरानी एवं बेहद जरूरी मांगे सम्मिलित थी। नगर पालिका द्वारा मांग पत्र पर उचित समाधान के लिए 24अप्रैल 2026 निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि पर कार्रवाई की जानकारी चाहने पर अधिशासी अधिकारी आर्य द्वारा कार्रवाई को गतिमान बताया था। लेकिन दो माह से अधिक समय बीतने पर मांग पत्र पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। नगर पालिका के कर्मचारी यूनियन द्वारा 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में अनिल कुमार, रांक, राकेश कुमार,अर्चना, राजेंद्र, गुड्डी, नीरज, अनीता, पुष्पा, राखी, गीत, मदनलाल, प्रेम पाल, आनंद, सन्नी, अमित कुमार, रजत, आनंद आदि के हस्ताक्षर हैं।

# धामी सरकार की योजनाओं से श्रमिकों को मिल रहा सीधा लाभ

■ डीबीटी, सामग्री वितरण और पंजीकरण में तेजी से बढ़े आंकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर / चम्पावत।** जनपद में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभाव साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

जनपद में कुल सक्रिय श्रमिकों की संख्या 16,685 है, जिसमें 10,422 महिला श्रमिक और 6,263 पुरुष श्रमिक शामिल हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि सरकार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी लगातार कार्य कर रही है। विगत वर्ष के दौरान डीबीटी (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से 5,013 लाभार्थियों को सीधे उनके खातों में सहायता राशि भेजी गई। इसमें शिक्षा आर्थिक सहायता के तहत 4,451 लाभार्थी, मृत्योपरांत सहायता में 60, प्रसूति सहायता में 95 और विवाह सहायता में 407 श्रमिकों को लाभ मिला। इसके अलावा 1 जनवरी से अब तक श्रमिकों को बड़ी मात्रा में सामग्री भी वितरित की गई है। इसमें 3,600 छाते, 2,200 कंबल और 3,400 टूलकिट शामिल हैं, जिससे श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार आया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेश पांडे ने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भी जनपद की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। ई-श्रम कार्ड के तहत 93,609 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है, जबकि पीएमएसवाईएम (PMSYM) योजना के अंतर्गत पिछले वर्ष 852 नए पंजीकरण हुए। सहायक लिपिक निगम यादव ने कहा कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि धामी सरकार श्रमिकों के हित में गंभीरता से कार्य कर रही है और योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंच रहा है, जिससे चम्पावत में श्रमिक वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है।

# टनकपुर में भाजपा की जीत का जश्न

■ मनिहारगोठ में पटाखों और मिठाइयों के साथ खुशी का इजहार

■ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में अल्पसंख्यक मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** बंगाल और असम में मिली जीत की खुशी अब सीमांत क्षेत्र टनकपुर तक साफ दिखाई दे रही है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मनिहारगोठ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमजद हुसैन एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुवशशिर अली (गोलू) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को जीत की बधाई दी।

जश्न के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भाजपा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए इस जीत को विकास और सुशासन की जीत बताया। नेताओं ने कहा कि बंगाल और असम में मिली यह सफलता प्रधानमंत्री के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है। भाजपा प्रदेश मंत्री अमजद हुसैन ने कहा कि पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र पर काम कर रही है और यही कारण है कि देशभर में भाजपा को लगातार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इसी तरह जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाएं। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुवशिर अली 'गोलू' ने कहा कि यह जीत समाज के हर वर्ग, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और आने वाले समय में भी इसी तरह जनता का विश्वास जीतने का भरोसा जताया कि इसी ऊर्जा व विश्वास के साथ आने वाले समय में भी भाजपा निरंतर नई सफलताएं हासिल करती रहेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नसीब हुसैन जिला कोषाध्यक्ष समीर अहमद, जिला मीडिया संयोजक नजीर हुसैन, जिला मीडिया सहसंयोजक मोहम्मद उस्मान, जाबिर हुसैन, मोहम्मद अलीम, ग्राम प्रधान सहाना खातून, फरियाद हुसैन, मोहम्मद रिजवान, सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मायावती धर्मार्थ चिकित्सालय में 13 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में 13 दिवसीय निःशुल्क छाती एवं सामान्य रोग चिकित्सा शि. विर का शुभारंभ हो गया है। शि. विर का संचालन लखनऊ के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. विनय कुमार मिश्रा द्वारा किया जा रहा है।

शिविर का उद्घाटन आश्रम अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद जी महाराज ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से रोगियों को नारायण मानकर उनकी सेवा की जा रही है और मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

चिकित्सालय में आगामी दिनों में विभिन्न विशेषज्ञ शिविर भी आयोजित होंगे। 12 से 15 मई तक हृदय रोग, 31 मई से 5 जून तक ईएनटी तथा 15 मई से 25 जून तक शल्य चिकित्सा एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित होंगे।

साथ ही 31 मई से 5 जून विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोलकाता से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मोतियाबिंद सहित आंखों के रोगों का उपचार करेगी। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज ने बताया कि शिविर में दवा, जांच व उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। बताया गया कि चिकित्सालय में प्रतिवर्ष सैकड़ों नेत्र रोगियों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई दृष्टि प्रदान की जाती है और अब तक हजारों निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

# जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न खंडों, निर्माणाधीन कक्षाओं एवं परिसर की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण किए जाएं, ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप इसी शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं प्रारंभ की जा सकें। इस हेतु क्लासरूम, एप्रोच रोड एवं सुरक्षा कार्यों (जैसे रिटेनिंग वॉल) को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान भवन में डिजाइन संबंधी खामियां पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित इंजीनियरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि डिजाइन में लापरवाही के कारण खिड़कियों और सीलिंग के स्तर में असंतुलन है, जिससे भविष्य में वेंटिलेशन एवं उपयोगिता प्रभावित हो सकती है।

# उत्तराखंड पवित्र भूमि, घुसपैठ और डेमोग्राफी पर सतर्क रहना जरूरीः उमा

■ ममता दीदी से मेरी दोस्ती 1991 से रही है, ममता अब जिद छोड़ दें नुकसानदायक साबित हो रही है उनकी यह जिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड के तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर रामनगर पहुँचीं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदूवादी नेता उमा भारती ने राज्य को लेकर भावुकता और राजनीतिक दोनों तरह के बयान दिए। उन्होंने उत्तराखंड को भारत की पवित्र भूमि बताते हुए अपने गहरे जुड़ाव को खुलकर व्यक्त किया।

मीडिया से बातचीत में उमा भारती ने कहा कि उत्तराखंड मेरे दिल में बसा है और यह भारत का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है, जहाँ हिमालय और भगवान बद्रीनाथ जैसे धाम स्थित हैं,उनके इस बयान ने साफ कर दिया कि धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से उत्तराखंड उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में घुसपैठ एक गंभीर समस्या रही है, उनके अनुसार, जो लोग आ रहे थे, वे शरणार्थी नहीं बल्कि घुसपैठिए हैं, जो देश



की डेमोग्राफी को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में राजनीतिक बदलाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्होंने दावा किया कि इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद स्थिति में सुधार आया है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार हर चुनौती से निपटने में सक्षम है और देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में डेमोग्राफिक चेंज हो रहा है, जनसंख्या संतुलन प्रभावित होने की स्थिति सामने आई है, उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में सक्रिय है, लेकिन आम जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है,उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक स्तर पर जागरूकता बढ़ाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजर अंदाज न करें, सामाजिक मुद्दों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे मामलों में कानून प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाता, जिससे नई चुनौतियां उत्पन्न होती हैं।

उन्होंने विशेष रूप से परिवारों से अपनी बेटियों को जागरूक करने की बात कही।धार्मिक स्थलों की पवित्रता पर बोलते हुए उमा भारती ने कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसे धामों की परंपरागत गरिमा को बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले इन धामों में जो पवित्रता और अनुशासन देखने को मिलता था, उसमें अब बदलाव नजर आ रहा है, जिसे लेकर सभी को गंभीरता से सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की रक्षा स्वयं भगवान बद्रीनाथ करते हैं,लेकिन इसके बावजूद राज्यवासियों और सरकार को हर स्तर पर सजग और जिम्मेदार बने रहना होगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर भी तीखा बयान दिया,उन्होंने कहा कि ममता दीदी से मेरी दोस्ती 1991 से रही है और 2021 तक बनी रही। ममता अपनी जिद के कारण ही तीन बार सरकार बना सकीं, लेकिन अब वही जिद उनके लिए नुकसानदायक साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में एक ही रणनीति काम नहीं करती। अगर ममता बनर्जी अपनी जिद पर कायम रहती हैं, तो यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा रुख उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर भी आलोचना का सामना करवा सकता है।

उमा भारती ने सलाह देते हुए कहा कि ममता दीदी मुझसे बड़ी हैं और में उनका सम्मान करती हूँ,लेकिन उन्हें चाहिए कि वह सम्मान के साथ पद छोड़ें और लो. कतांत्रिक तरीके से आगे की लड़ाई लड़ें। उन्होंने जहां एक ओर उत्तराखंड के प्रति अपनी आस्था और प्रेम को दर्शाया, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीति के अहम मुद्दों पर अपनी स्पष्ट और मुखर राय भी सामने रखी।

## एक नजर

# साइकिल पाकर खुश हुई बालिकाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बाजपुर द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत सराहनीय पहल की गई। इसके अंतर्गत पीएमसी राजकीय बालिका विद्यालय बाजपुर की 100 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देना समाज और संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसबीआई केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामा. जिक दायित्वों के निर्वहन में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्य प्रबंधक नरेंद्र उईके तथा निरुपम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय शाखा प्रबंधक लोकेश पंत ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक प्रत्येक वर्ष सीएसआर के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करता है। उन्होंने भविष्य में भी बैंक से इसी तरह सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में कुमुद जोशी ,परमजीत कौर, सुनीता डोवाल, पूजा अग्रवाल, बिमला रावत, शन्नो आदि मौजूद रहीं।

# जिला जज परिसर में विधायक और जिला न्यायाधीश ने किया सभागार (सेन्ट्रल हॉल) का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला सत्र एवं न्यायलय जिला कोर्ट मे जज परिसर मे 18 लाख की लागत से निर्मित सभागार (सेन्ट्रल हाल) के नवीनिकरण व सौंदर्यकरण कार्य का रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी के साथ फीता काटकर किया लोकार्पण।



वहीं सेंट्रल हॉल में अधिवक्ताओं व जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अरोरा व जिला न्यायधीश द्वारा दीप प्रजलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा अधिवक्ता हमारे समाज के एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो प्रतिदिन अनेकों लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करते हैं अधिवक्ता वर्ग से मेरा पुराना नाता रहा है मैं स्वयं चार्टर्ड अकाउंटेंट हूं और रुद्रपुर क्षेत्र का विधायक 2022 में जब से सेवा करने का अवसर मिला तो मैंने शुरुआत में ही बार एसोसिएशन के कहने पर 25 लाख के टीन शेड का निर्माण कार्य यहां पर करवाया। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव फोगाट, सचिव जसवंत सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत बिट्टा, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, कोषाध्य कुल. वीर ढिल्लों, उपसचिव मनोज कुमार , लेखा परीक्षक गिरिराज कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष गिरीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, सुशीला मेहता, महेश बब्बर, धीरेन्द्र शर्मा, लक्ष्मी नारायण, बरित सिंह, गुरबाज सिंह, अनुभव चौधरी, जीतेन्द्र संधू, के के त्रिपाठी, प्रेम लता, एमपी तिवारी, खड़क सिंह,राधेश्याम शुक्ला,के एन मिश्रा,डी एन जगसवाल,नरेश रस्तोगी, प्रभा, ज्योति जीना,अंजुम लुबाना, उपासना पाल, नजिम अंजुम, अंकित सिडाना, अंकित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# जीआईसी दिगालीचौड़ में सजी टीएलएम प्रदर्शनी, छात्रों ने दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** ब्लॉक के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ में टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों के क्रियात्मक व स्थिर मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसे छात्रों ने उत्साहपूर्वक देखा। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. सुधाकर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तथा संचालन बृजेश सिंह ढेक ने किया। नोडल अध्यापक दीपा बोहरा ने टीएलएम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में कक्षा 6-8 वर्ग में हरीश चिलकोटी, सौरभ कुमार व अंकिता, कक्षा 9-10 में शिवम, चांदनी भट्ट व खुशी बोहरा तथा कक्षा 11-12 में सूरज कुंवर, मनीषा विश्वकर्मा व स्नेहा बोहरा ने स्थान प्राप्त किया। दीपिका, प्रियांशु, अंजली, अमृता व स्नेहा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में कमलेश जोशी, सुरेंद्र जीत कौर, कंचन आर्या, नवीन भट्ट , नीरज नाथ व गणेश बोहरा शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा विजेताओं व सहयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

# किसानों को राहत में देरी नहीं, एक हफ्ते में क्षतिपूर्ति करे सुनिश्चितः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जनपद में विगत दिवसों में हुई भारी वर्षा के कारण काश्तकारों की फसलों को हुए नुकसान के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित कृषकों को राहत प्रदान करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा एक सप्ताह के भीतर सभी पात्र काश्तकारों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की हर स्थिति में प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंच. ाना होना चाहिए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में वर्षा से हुए फसल नुकसान का गंभीरता से आकलन करते हुए प्रभावित काश्तकारों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, उपजिलाधिकारी नीतू डागर सहित जनपद के समस्त तहसीलदार, कानूनगो एवं पटवारी उपस्थित रहे।

# कमर्शियल सिलेंडर के दामों में वृद्धि का विरोध लोहाघाट विकास संघर्ष समिति का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहगाट।** सरकार के द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडरो में बेहताशा वृद्धि का अब लोहाघाट में भी कड़ा विरोध होने लगा है। आज मंगलवार को लोहाघाट विकास संघर्ष समिति ने समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा के नेतृत्व में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि पर आक्रोश जताते हुए गैस के दामों में कमी करने की मांग को लेकर लोहाघाट के रामलीला मैदान में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

समिति अध्यक्ष विपिन गोरखा व संरक्षक प्रहलाद सिंह मेहता ने कहा सरकार के द्वारा19 किलो के कमर्शियल गैस सिलेंडर के 900 रुपए से अधिक तथा 5 किलो के सिलेंडर में 200 रूपये से अधिक की वृद्धि कर दी है। जिस कारण लोहाघाट नगर के स्ट्रीट फूड व्यापारी, होटल व्यवसाइ तथा मिठाई विक्रेता काफी परेशान है। लोहाघाट विकास संघर्ष समिति ने आरोप लगाते हुए कहा गैस के दामों की बढ़ोतरी के बावजूद भी व्यापारियों को प्रचुर मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं जिस कारण व्यापारी वर्ग काफी परेशान है। उन्होंने कहा कमर्शियल सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आम जनता में महंगाई की मार पड़ेगी। व्यापारी अपने उत्पादों का दाम बढ़ाने को मजबूर है। लोहाघाट विकास संघर्ष समिति ने कहा वह सरकार के इस कदम का खराब विरोध करती है तथा सरकार से कमर्शियल गैस के सिलेंडरो के दामों में कमी करने तथा व्यापारियों को जनता को प्रचुर मात्रा में गैस उपलब्ध कराने की मांग की है।

समिति ने कहा जिस हिसाब से सरकार चल रही है लगता है जल्द ही घरेलू रसोई गैस व डीजल पेट्रोल के दामों में भी बड़ी वृद्धि देखने में नजर आ सकती है। वही व्यापारी भी गैस के दामों मे बढ़ोतरी का कड़ा विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन करने में संरक्षक प्रहलाद सिंह मेहता, राज किशोर शाह,लोकेश पांडे ,अजय गोरखा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तय समय पर गुणवत्ता के साथ हो काम: दीपक रावत

## कमिश्नर ने किया नैनीताल में कार्यों का निरीक्षण, गंदगी मिलने पर ईओ को पड़ी फटकार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री के सचिव एवं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को नैनीताल नगर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर नगर में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी विभागों के अफसरों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त रावत ने लोनिवि की ओर से माल रोड में सड़क सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता लोनिवि ने बताया कि सड़क में एंकरिंग का कार्य सहित अन्य सुरक्षात्मक कार्य प्रगति पर है। कुल 51 में से 11 माइक्रोपाइल लगाए जा चुके हैं। 31 जून तक कार्य पूर्ण



करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त ने क्षतिग्रस्त सड़क के सुधारीकरण कार्य की प्रगति भी देखी और समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसए में कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण आयुक्त ने किया। उन्होंने 5 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा डीएसए भवन में कराए जा रहे फसाड निर्माण, शौचालय, चेंजिंग रूम एवं बैडमिंटन कोर्ट सुधारीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने 15 जून तक शौचालय एवं चेंजिंग रूम का कार्य हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर रावत ने मल्लीताल खड़ी बाजार एवं बड़ा बाजार के निरीक्षण के दौरान बड़ा बाजार में लो. निवि द्वारा 2.38 करोड़ रुपये की लागत से सड़क सौंदर्यीकरण एवं अंडरग्राउंड केबलिंग का कार्य किया जा रहा है। कार्य रात्रि में हो रहा है। कार्य धीमी गति से पाया गया। आयुक्त ने कहा कि वे स्वयं निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। दो दिन में आईपी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और बरसात से पूर्व भूमिगत कार्य पूर्ण कर लिया जाए। राजकीय बीडी पांडे जिला चिकित्सालय परिसर में मंडी परिषद द्वारा 9.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन 6 टाइप-2 आवास एवं चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है का भी निरीक्षण किया। मौके पर कार्य बंद पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कुमाऊं आयुक्त ने वीरवार (आज) से ही कार्य प्रारंभ करने के निर्देश मंडी परिषद को दिए। कमिश्नर रावत नेचार्टन लॉज (आभागढ़ क्षेत्र) के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कूड़े के ढेर व गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को फटकार लगाई। कहा कि तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने व 4 कर्मचारी नियमित तैनात करने एवं गंदगी फैलाने वालों के चालान' की कार्रवाई के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। आयुक्त ने रोडवेज बस अड्डा निरीक्षण के दौरान स्टेशन से संचालित बसों की जानकारी ली गई। परिसर एवं प्राधिकरण भवन के निकट व्याप्त गंदगी पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए ईओ नगर पालिका को फटकार लगाई तथा क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। सीसीटीवी से निगरानी कर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई के आदेश दिए। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि जो भी कार्य होने हैं निर्धारित समय के अंतर्गत पूरे किए जाएं। वे स्वयं पुनः क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशत्तू, अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना, ईओ नगर पालिका रोहिताश शर्मा तथा डीएसए महासचिव मनोज जोशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### डा. डिमरी को क्रिस्टियन हग्जेन मेडल मिला



**नैनीताल।** उत्तराखंड मूल के प्रख्यात भू विज्ञानी डा. विजय प्रकाश डिमरी को वर्ष 2026 के लिए यूरोपियन जियोसाइंस यूनियन के प्रतिष्ठित क्रिस्टियन हग्जेन मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मिलने पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बताया है कि डच गणितज्ञ एवं वैज्ञानिक क्रिस्टियन हग्जेन के नाम पर दिया जाने वाला यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें भूविज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। आईएसएम धनबाद से शिक्षा प्राप्त कर चुके डा. डिमरी को पूर्व में वर्ष 2010 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें बसंत सम्मान तथा देश के 100 श्रेष्ठ आईआईटी पूर्व छात्रों में शामिल होने का गौरव भी प्राप्त है। डा. डिमरी सीएसआईआर के निदेशक पद पर भी कार्य कर चुके हैं। डा. डिमरी को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने खुशी जतायी है।

### कैलाश यात्रा का प्रथम दल कल होगा रवाना

**नैनीताल।** कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित आदि कैलाश/ओम पर्वत यात्रा का प्रथम दल शुक्रवार 8 मई शुक्रवार को प्रातः 8 बजे हल्द्वानी के तिकोनिया स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगा। निगम के व्यवसाय विकास प्रबंधक दीपक पांडे ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु पहले दिन कैंची धाम, चितई गोलू देवता मंदिर एवं जागेश्वर धाम के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत दल पर्यटक आवास गृह जागेश्वर में मध्याह्न भोजन करेगा और फिर पिथौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम यात्रा दल में कुल 20 यात्री शामिल हैं जिनमें 13 महिलाएं एवं 07 पुरुष यात्री हैं। निगम की ओर से यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### भाजपाईयों की बैठक में कई मुद्दों पर हुआ मंथन

**नैनीताल।** भाजपा नैनीताल नगर मंडल की बुधवार को राज्य अतिथि गृह में आत्मनिर्भर मंडल मीटिंग के अंतर्गत संगठनात्मक बैठक हुई जिसमें भाजपा मंडल नैनीताल के समस्त पदाधिकारी और सभी मोर्चों के अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। बैठक का संचालन महामंत्री आशीष बजाज एवं हरीश सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए आगामी कार्यक्रमों एवं 2027 में आगामी विधानसभा चुनावों को जीतने के लिए विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। बैठक में मोहित लाल साह, विक्रम राठौर, ज्योति ढौंडियाल, विकास जोशी, भारत सिंह मेहरा, ऋतुल कुमार, विकल कुमार, युवराज करायत, मयंक पंत, कृष्ण कुमार शर्मा, अमिता साह, हेमलता पांडे, मीरा बिष्ट, विजय आर्य, गौरव हार्पर, संजीव रस्तोगी, प्रदीप सिंह, मनसंजोक सिंह, राहुल जोशी, अनुराग वर्मा, आकांक्षा गोस्वामी, रमा तिवारी, नीरू पुजारी, हंसा, कमल जोशी, रेखा जोशी, ऋतिक गोस्वामी, शैलेश सिंह बिष्ट, दीपक कुमार, हरीश चंद्र बुधलाकोटी उपस्थित रहे।

### दमकल कर्मियों ने दिया आग बुझाने का प्रशिक्षण

**नैनीताल।** अग्निशमन केंद्र नैनीताल के अधिकारियों व कर्मियों ने बुधवार को उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार नैनीताल क्षेत्र अंतर्गत क्षय रोगाश्रम भवाली तथा गेठिया व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवाली व भीमताल में समस्त स्टाफ को अग्निशमन उपकरण, फायर एसटिंग्यूशर के संचालन की विस्तृत जानकारी दी। डेमोंस्ट्रेशन देकर आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया।

### ओलावृष्टि: मंत्री कैड़ा ने लिया नुकसान का जायजा

**धारी।** सूबे के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को नैनीताल जिले के तहत भीमताल विधानसभा के धारीस सुंदरखाल, सुन्दरनगर, दाडीम, ओड़ाखान, तल्लारामगढ़, झूतिया, बोहराकोट तथा डाकबगला आदि गाँव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने जिलाधिकारी नैनीताल से वार्ता कर कहा विधानसभा क्षेत्र भीमताल के अंतर्गत ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में ओलावृष्टि व आधी तूफान से किसानों के आड़ू, पुलम, खुमानी, मटर, मिर्च तथा टमाटर आलू नष्ट हो गये हैं किसानो की फसल खत्म हो गई हैं, जिस कारण किसान परेशान हैं बेमौसमी वर्षा तथा ओलावृष्टि व आंधी तूफान से किसानों को काफी नुकसान हो गया है जिस कारण किसानों को दोहरी मार पड़ गई है जिस कारण को काफी नुकसान हो गया है। मंत्री कैड़ा ने जिलाधिकारी से गाँव गाँव उद्यान व कृषि विभाग की टीमें भेज किसानों की फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराकर उचित मुवावजा देने को कहा।

### सड़क किनारे खड़े वाहनों से लगा जाम

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित हल्द्वानी रोड पर नेशनल होटल से वैष्णो देवी मंदिर तक बुधवार को एक बार फिर जाम की स्थिति बन गई। सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा जिससे एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। डीएम के आदेश के बाद भी पुलिस व संभागीय परिवहन विभाग की ओर से अब तक सड़कों के किनारे पार्क वाहनों को नहीं हटाया जा सका है। इससे रोजाना यातायात प्रभावित हो रहा है। बुधवार को भी नेशनल होटल से वैष्णो देवी मंदिर तक सड़क किनारे पार्क वाहनों के चलते जाम की स्थिति बन गई। सड़क किनारे पार्क वाहनों के चलते रोडवेज की बसें नहीं निकल पाईं जिसके पीछे एंबुलेंस भी फंस गई। लोग यहां आए दिन के जाम से परेशान हैं।

# 12 और निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में सीईओ गोविंद राम जायसवाल द्वारा नैनीताल जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं जांच आख्या के आधार पर कार्यवाही करते हुए 12 निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों में वेदान्तंम इंटरनेशनल स्कूल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा हल्द्वानी, चिल्ड्रन वैली पब्लिक स्कूल बरेली रोड हल्द्वानी, न्यू बाल संसार स्कूल तीनपानी हल्द्वानी, आरुष पब्लिक स्कूल हाथीखाल हल्द्वानी, जी किड्स पब्लिक स्कूल सुरभि काला. ेनी मल्ली बमौरी हल्द्वानी, काठगोदाम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल सुरभि कालोनी मल्ली बमौरी हल्द्वानी, लिटिल स्पार्कल एकेडमी मोटाहल्दू, मानस पब्लिक स्कूल निलियम कालोनी मानपुर वेस्ट हल्द्वानी, नेशनल पब्लिक स्कूल कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, श्री कृपा पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सेंट जॉर्ज स्कूल आरटीओ रोड हल्द्वानी, समिट पब्लिक स्कूल सीएमटी कालोनी डहरिया हल्द्वानी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र के 38 विद्यालयों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब तक नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूलों की संख्या 50 हो गई है।

# पालिकाध्यक्ष व टैक्सी चालकों में 'टक्कर'

## मालरोड पर नो एंट्री से भड़का गुस्सा, टोल पर दिया गया धरना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में उस वक्त हालात तनावपूर्ण हो गए जब टीबी नंबर की टैक्सियों को माल रोड में प्रवेश से रोकने पर पालिका प्रशासन और टैक्सी कारोबारियों के बीच सीधा टकराव हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि गुस्साए टैक्सी चालक टोल चुंगी पर ही धरने पर बैठ गए जिससे लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया।

बता दें बुधवार को नैनीताल में टीबी टैक्सी वाहनों को रोकने को लेकर पालिका व टैक्सी कारोबारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो टैक्सी कारोबारी टोल चुंगी पर ही



धरने पर बैठ गए जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दीपक मटियाली ने आरोप लगाया कि टीबी नंबर के वाहनों का मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है और 12 मई को फैसला आना है इसके बावजूद पालिका द्वारा इन वाहनों को मालरोड में घुसने से रोका गया। उनका कहना है कि बाहरी लोगों को पास दिए जा रहे हैं जबकि स्थानीय चालकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पालिकाध्यक्ष ने यह कहकर गाड़ियां रोकीं कि टैक्सी कारोबारी कोर्ट में पालिका के खिलाफ गए हैं। दूसरी ओर मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने स्पष्ट किया कि टैक्सी कारोबारियों के साथ पहले ही बैठक में यह तय हुआ था कि कोर्ट के आदेश तक पास जारी नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे टोल पर चेकिंग के लिए पहुंची थीं जहां टैक्सी चालकों ने उन्हें घेर लिया और धरना शुरू कर दिया। उनके मुताबिक यातायात नियमों का पालन कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। पालिका कोर्ट के फैसले के बाद ही कोई कार्रवाई कर सकती है। बताया कि इस पूरे विवाद को सुलझाने के वीरवार (आज) को टैक्सी कारोबा. रियों से वार्ता की जाएगी।

# दस बजे बाद भी बंद मिला बिजली विभाग का बिल काउंटर

## जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम ने कई विभागों में मारे छापे, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएम के निर्देशों के क्रम में बुधवार को एसडीएम नवाजिश खलिक ने नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल समेत जल संस्थान व विद्युत विभाग का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को एसडीएम नवाजिश खालिक ने जिला अस्पताल के निरीक्षण में जिला अस्पताल के बायो मेडिकल निस्तारण, अस्पताल में कितनी ओपीडी चल रही है, मरीजों को बाहर की दवाएं तो नहीं दी जा रही है, इसके साथ ही कितने मरीज भर्ती किए जा रहे हैं साथ ही कर्मचारियों और चिकित्सकों की उपस्थिति की जांच की। एसडीएम नवाजिश



खलिक ने बताया कि बिजली विभाग में लॉग बुक अपडेट है या नहीं इसके साथ ही शिकायत पंजिका जिसमें लोग शिकायत दर्ज करते है या जो टेलीफोनिक शिकायत करते हैं उन शिकायतों की निस्तारण पंजिका बनी है या नहीं तथा जल संस्थान में कितने स्टैंड पोस्ट चल रहे हैं, कहां पानी की लीकेज की समस्या है तथा कहां सीवर की समस्या है। इस संबंध में व्यापक निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने कहा कि निरीक्षण में जो भी कमी पाई गई है उनकी आखया जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान 10 बजकर 5 मिनट में बिजली विभाग का बिल भुगतान काउंटर में ताला पाया गया। एसडीएम ने मौके से ही विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता एसके सहगल को फोन किया गया। उन्होंने अवगत कराया कि कर्मचारी चाबी भूल गया जिसके कारण काउंटर समय से नहीं खुल पाया है। एसडीएम ने कहा कि इस संबंध में विद्युत विभाग से विधिवत स्पष्टीकरण लिया जाएगा जिसकी रिपोर्ट तैयार कर जिला अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। दूसरी ओर तहस. ेलदार ने भी कई सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया।

### धारी में भी प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**धारी।** उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या ने बुधवार को धारी ब्लॉक के विभिन्न विभागों में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई विभागों में अनियमितताएं सामने आईं जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में जांच के दौरान एक कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित पाया गया। होमयोपैथिक विभाग में भी फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति उजागर हुई जो काफी समय से ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### नैनीताल में युवक को अज्ञात लोगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने मानसिक रूप से बीमार युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने उपचार के बाद कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी गौरव कुमार मानसिक रूप से बीमार है जो कि महिलाओं की वेशभूषा धारण कर अकसर बाजार में घूमता रहता है। मंगलवार रात अज्ञात युवकों ने उसे पकड़ कर बुरी तरह पीट दिया। गौरव उर्फ गौरी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा है कि मंगलवार रात वह बाजार से घर को जा रहा था। मल्लीताल क्षेत्र में देर रात कुछ युवकों ने उसे पकड़कर मारपीट कर दी जिससे उसके चेहरे व आंखों के नीचे गंभीर चोट आई है। राहगीरों ने पहुंच कर उसकी जान बचाई।

# 30 साल से बंद मुख्य गेट खोलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ब्रिटिशकालीन भीमताल डैम में झील के पानी की निकासी वाले गेटों की रिपेयरिंग का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। मामले में सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भेजने के बाद डैम के जीर्णोद्धार के लिए केंद्र की विशेषज्ञ टीम ने निरीक्षण किया था। बताया कि नए निकासी गेट बनकर डैम पर पहुंच गए हैं और लगाने का कार्य शुरू हो गया है।भाभा अनुसंधान केंद्र रुड़की डैम सेप्टी टीम और केंद्र की विशेषज्ञ टीम ने डैम का बारीकी से सर्वे कर रिपोर्ट बनाई थी। उसी रिपोर्ट के आधार पर धन स्वीकृत हुआ। कहा कि डैम से हो रहे लीकेज को रोकने में वैज्ञानिकों को



सफलता मिल चुकी है। अब सिस्टम बाई सिस्टम अन्य कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन एक बड़ी समस्या अभी बाकी है कि डैम में कुल 9 निकासी गेट हैं इनमें से मुख्य गेट पिछले 30 साल से जाम व बंद पड़ा है। इस गेट के बंद होने से झील में गाद व मिट्टी जमा हो रही है और सड़ रही है जिससे झील की निर्मलता प्रभावित हो रही है। ब्रजवासी ने सिंचाई विभाग और डैम निगरानी टीम से मांग की है कि 30 साल से बंद पड़े मुख्य गेट को खोलने व ठीक करने का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए साथ ही डैम से संबंधित तय सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूरा किया जाए ताकि झील की निर्मलता और क्षेत्र की जल सुरक्षा बनी रहे।

### अभद्रता का आरोप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित आवागढ़ क्षेत्र में एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर अभद्र व्यवहार और मारपीट की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला के अनुसार उसके पड़ोस में रहने वाली दो महिलाओं के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान जब उसके घर के सामने खिड़की बनाई जा रही थी तो उसने इस पर आपत्ति जताई। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों पड़ोसियों ने उसके साथ अपमानजनक और अभद्र व्यवहार किया साथ ही मारने की कोशिश भी की। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय ज्ञान को समझेंगे अमेरिका के विद्यार्थी

## ग्राफिक एरा में इंडियन नॉलेज सिस्टम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के सेंटर फॉर कुमाऊँनी कल्चर एंड हेरिटेज द्वारा अमेरिका से आए 15 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का भारतीय सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश विषयक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के लिए पारंपरिक स्वागत किया गया। बता दें 6 से 10 मई तक आयोजित यह कार्यक्रम इंडियन नॉलेज सिस्टम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति की झलक के साथ हुआ। कुमाऊँनी पारंपरिक वेशभूषा में सजे भारतीय विद्यार्थियों ने विदेशी मेहमानों का तिलक लगाकर स्वागत किया।



इसके बाद विदेशी विद्यार्थियों ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पूरा वातावरण अतिथि देवो भवः की भावना से ओत.प्रोत दिखाई दिया।इस अवसर पर भीमताल परिसर के निद. ेशक ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए सम्मान, विनम्रता और एकता के मूल्यों को भारतीय समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को खुले मन से नई संस्कृतियों को अपनाने, विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने तथा भारत में अपने प्रवास को यादगार बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों को हिंदी भाषा की मूलभूत जानकारी भी दी गई। इंटरैटिव सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अंग्रेजी शब्दों को हिंदी लिपि में लिखना सीखा, जिससे उनमें भारतीय भाषाई विरासत के प्रति उत्सुकता और उत्साह देखने को मिला। पहले दिन के समापन पर प्रतिभागियों ने भारतीय संस्कृति से जुड़ाव और नए अनुभवों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। आगामी दिनों में कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय पौराणिक कथाओं, आयुर्वेद, पारंपरिक कुमाऊँनी व्यंजन, कला, परिधान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय ज्ञान प्रणाली की गहन जानकारी प्रदान की जाएगी।

# चौबीसों घंटे क्रियाशील रहेंगे आपदा कंट्रोल रूम

## नैनीताल में मानसून पूर्व तैयारियों को एडीएम सौरभ असवाल ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं प्रशासन) सौरभ असवाल की अध्यक्षता में मानसून पूर्व तैयारी बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूर्व तैयारी अंतर विभागीय समन्वय और त्वरित रिस्पॉन्स सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहते हुए समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी सडक् एवं निर्माण एजेंसियां को सभी संवेदनशील एवं भूस्खलन संभावित मार्गों पर जेसीबी व पोकलैंड सहित भारी मशीनरी मय



ऑपरेटर एवं अवर अभियंता' की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा तैनात कार्मिकों के नाम व मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए जाएं।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर बाढ़ संभावित तथा भूस्खलन प्रभावित व मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग को मानसून में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल बहाली हेतु पोल, तार व ट्रांसफार्मर आदि का पर्याप्त स्टॉक रखने के अतिरिक्त वैकल्पिक लाइन की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित के निर्देश दिए। जल संस्थान/पेयजल निगम को पेयजल लाइनों की मरममत, टंकियों की सफाई तथा पाइप, फिटिंग्स का बफर स्टॉक मानसून पूर्व रखा जाए। पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने हेतु टैंकरों की व्यवस्था भी तैयार रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी सीएचसी व पीएचसी एवं उप केंद्रों में जीवनरक्षक दवाएं, एंटी वेनम व ओआरएस आदि आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त भंडारण किया जाए। कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में मेडिकल टीम व एंबुलेंस की अग्रिम तैनाती हो। मानसून के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम एवं भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में तीन माह का अग्रिम खाद्यान्न भंडारित करने के निर्देश दिए ताकि मार्ग अवरुद्ध होने पर आपूर्ति बाधित न हो। अपर जिला. धिकारी असवाल ने कहा कि आपदा कंट्रोल रूम जिला एवं सभी तहसील मुख्यालयों पर चौबीसों घंटे क्रियाशील रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग सूचना प्राप्त होते ही रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। अपर जिलाधिकारी ने वन व लोनिवि एवं सभी नगर निकायों को सड़क किनारे झुके/सूखे पेड़ों को चिन्हित कर मानसून पूर्व हटाए जाने के साथ ही आपदा के दौरान गिरे पेड़ों को तत्काल हटाने हेतु टीमें गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी डा. जगदीश चन्द्र, नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा, उपजिलाधिक. ारी नैनीताल नवाजिश खालिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सभी उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े।

### कांग्रेसियों का नैनीताल में प्रदर्शन कल

**नैनीताल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष सचिन नेगी के मुताबिक 8 मई शुक्रवार की सुबह 11 बजे तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर परीक्षा के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सैनिक विभाग प्रदेश कांग्रेस कर्नल राम रतन सिंह नेगी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी के दोनों पदाधिकारियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिला कांग्रेस, विधि कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, एससी प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आदि सभी फ्रंटल संगठनों से इस कार्यक्रम में नियत तिथि व समय पर मौजूद होकर अपनी प्रबल भागीदारी निभाने की गुजारिश की है।

# पार्टी के भावी कार्यक्रमों में प्राथमिकता से भाग लें भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने बुधवार को रामगढ़ विकास खंड के ग्राम सभा दियारी तथा सुयालबाड़ी स्थित नगरकोट



गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मिशन 2027 की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। डा. आर्य ने कहा कि पार्टी नेतृत्व की ओर से मिशन 2027 के तहत कई कार्यक्रम भविष्य में किए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों में पार्टी पदाधिका. रियों व कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी होना नितांत जरूरी है। उन्होंने विकास हेतु चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों को जानकारी देने का आह्वान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से किया। इस दौरान इन्द्र लाल, प्रकाश चन्द्र, कैलाश चंद्र, भवानी राम, राजेन्द्र प्रसाद,गिरधारी लाल, गौरव कपिल, नंद किशोर, देवराम, दीप चन्द्र तथा पंकज नेगी,चंचल बिष्ट व महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना हमारी प्राथमिकता: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कमर कस ली है। प्रदेश के ग्राम्य विकास, लघु उद्योग एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी ने विकासभवन सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में साफ कहा कि "स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है, और यही आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की कुंजी बनेगा।

बैठक के दौरान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योगों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मार्केटिंग व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड को उत्तराखण्ड की पहचान बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पहाड़ी उत्पादों को राष्ट्रीय ही नहीं, अंत. रराष्ट्रीय बाजारों में स्थापित करने के लिए उच्च गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रभावी मौजूदगी बेहद जरूरी है। मंत्री चौधरी ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि स्वरोजगार योजनाओं का असर सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना समय की मांग है।

"जब गांव आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी प्रदेश समृद्ध होगा और पलायन जैसी गंभीर समस्या पर प्रभावी रोक लगेगी," उन्होंने जोर देकर कहा। बैठक में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर ऋण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर भी विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




■ रुद्रप्रयाग विकासभवन सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

## सीयूईटी (यूजी) 2026 के लिए श्रीनगर केंद्र का विकल्प खुला

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में सीयूईटी (यूजी)-2026 परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को बड़ी राहत दी गई है। 11 मई 2026 से आयोजित होने वाली सीयूईटी परीक्षा के तहत श्रीनगर परीक्षा केंद्र को चुनने के लिए विवि प्रशासन ने छात्रों को एक और अवसर दिया है। विश्व. विद्यालय प्रशासन के अनुसार, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में किसी अन्य परीक्षा केंद्र का चयन किया था और अब श्रीनगर गढ़वाल केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हैं, वे 7 मई तक सीयूईटी पोर्टल पर लॉगिन कर अपना विकल्प (चॉइस) पुन: लॉक कर सकते हैं। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल स्वत: बंद हो जाएगा, जिसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन या केंद्र परिवर्तन संभव नहीं होगा।उन्होंने अभ्यर्थियों से अधिक जानकारी के लिए संबंधित हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है।

## प्रशासन का एक्शन, नाबालिग की शादी रोकी, बारात लौटी बैरंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के जखोली विकासखंड के जखनोली गांव में मंगलवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग बालिका का विवाह मौके पर ही रुकवा दिया। कोटद्वार से आई बारात को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा, जिससे पूरे क्षेत्र में बाल विवाह के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिली सूचना के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अखिलेश कुमार मिश्र के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति और पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए शाम करीब 7 बजे गांव में पहुंचकर विवाह की तैयारियों के बीच हस्तक्षेप किया। प्रशासन के मौके पर पहुंचने तक बारात कोटद्वार से निकल चुकी थी और घर में शादी का माहौल था, लेकिन टीम ने सख्ती दिखाते हुए बाल विवाह को तुरंत रुकवा दिया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा दबाव बनाने और मनाने की कोशिशें भी हुईं, मगर अधिकारियों ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि 18 वर्ष से कम आयु में विवाह कराना दंडनीय अपराध है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। करीब तीन घंटे तक चली काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों ने लिखित सहमति दी कि बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह किया जाएगा। इसके बाद रात करीब 10 बजे बारात को वापस लौटना पड़ा। इस अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में बाल विवाह के खिलाफ अभियान को और अधिक सख्ती से जारी रखा जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि 18 वर्ष से कम आयु में विवाह कराना अपराध है, हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी।

■ रुद्रप्रयाग जखोली क्षेत्र के जखनोली का है मामला

## जिला चिकित्सालय में फायर सर्विस की हाई-लेवल मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में चल रहे अखिल भारतीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को फायर स्टेशन रुद्रप्रयाग की टीम ने माधवाश्रम राजकीय जिला चिकित्सालय कोटेश्वर में एक व्यापक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

मॉक ड्रिल के दौरान फायर सर्विस टीम और अस्पताल स्टाफ ने संयुक्त रूप से आग लगने की काल्पनिक स्थिति पर अभ्यास किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में स्थापित हाइड्रेंट सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम और अन्य अग्निशमन उपकरणों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। टीम द्वारा उपकरणों के संचालन का सजीव प्रदर्शन कर स्टाफ को उनके सही उपयोग की जानकारी भी दी गई।

सबसे महत्वपूर्ण पहलू रहा मरीजों की सुरक्षित निकासी का अभ्यास, जिसमें आपात स्थिति में कम समय में अधिकतम मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की रणनीति पर विशेष जोर दिया गया। फायर टीम ने अस्पताल कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से आपदा प्रबंधन की तकनीकें सिखाईं, जिससे भविष्य में किसी भी संकट का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

■ सुरक्षा व्यवस्था की परखी गई तैयारियां

## वन संपदा बचाने को मातृशक्ति ने लिया संकल्प: देवेन्द्र गौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गांव की बात रेडिय के साथ आयोजित एक कार्यक्रम में मातृशक्ति ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को लेकर ठोस संकल्प लिया। इस अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं माध्यमिक वर्ग बालि. का महिला क्रिकेट के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि पहाड़ों के जंगल भगवान का अनमोल वरदान हैं, जहां कभी जीवनरक्षक औषधीय जड़ी-बूटियां प्रचुर मात्रा में पाई जाती थीं। इनका लाभ केवल मानव ही नहीं, बल्कि समस्त जीव-जंतु भी उठाते थे। उन्होंने चिंता जताई कि मानव के कुकृत्यों के कारण हर वर्ष जंगलों में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे औषधीय पौधे और वनस्पतियां नष्ट हो रही हैं। साथ ही जंगली जानवरों के लिए चारे और शिकार की कमी हो रही है, जिसके चलते वन्यजीव अब रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर आमजन पर हमले कर रहे हैं। देवेन्द्र गौड़ ने बताया कि वे पिछले कई दशकों से वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं और आगजनी करने वालों के खिलाफ कड़े कानून बनाने की मांग को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में जाकर जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंप रहे हैं। कार्यक्रम में अमृता बहुगुणा ने कहा कि सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे गांव-गांव जाकर संगठन बनाएं और वन संपदा के संरक्षण के लिए एकजुट हों। इस अवसर पर सीमा कपरवाण, चंदा बर्तवाल, कांता भंडारी, कुसुम सेमवाल, संध्या सेमवाल, वीना नेगी, वीना सेमवाल और राजेश्वरी जोशी सहित अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए संगठित होकर आगजनी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु दबाव बनाना जरूरी है तभी पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत भी सुरक्षित रह सकेगी।



■ गढ़वाल के सभी जिला मुख्यालयों में जाकर सरकार को डीएम के माध्यम से दे रहे हैं ज्ञापन

## एक नजर .......

### अघोषित विद्युत कटौती से व्यापारियों में रोष, आंदोलन की चेतावनी

**पुरोला।** नगर क्षेत्र में लगातार हो रही अनियमित बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अंकित पंवार ने विद्युत विभाग पर रोस्टर का पालन न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन दिनों नियमित बिजली आपूर्ति होनी चाहिए, उन दिनों भी घंटों बिजली बाधित रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार बिजली कटौती से व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आइसक्रीम, दूध, मिठाइयों सहित अन्य खाद्य सामग्री खराब होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अंकित पंवार ने कहा कि यदि किसी लाइन पर मरम्मत अथवा तकनीकी कार्य चल रहा हो, तब भी दोपहर के लंच टाइम में कम से कम दो घंटे बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जानी चाहिए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके और कारोबार प्रभावित न हो। व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग से रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### गढ़वाल विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा स्थगित

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि ने 17 मई को प्रस्तावित पीएचडी प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी है। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 17 मई को प्रस्तावित स्नातक स्तरीय पुनर्परीक्षा के मद्देनजर पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2025-26 को स्थगित कर दिया है। बताते चले कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद और छात्रों किया परीक्षा को देखते हुए गढ़वाल विवि ने प्रवेश परीक्षा स्थगित की है। उन्होंने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की संशोधित तिथि जल्द ही विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### श्रीनगर में नागरिकों ने युवक पंकज को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** सतपुली में हुई घटना को लेकर श्रीनगर के नागरिकों ने गहरा रोष व्यक्त किया है। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थानीय नागरिकों ने गोला पार्क में एक सभा का आयोजन किया, जहां 20 वर्षीय युवक पंकज कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पुलिस के कथित अत्याचारों पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। गोला पार्क में सभा को संबोधित करते हुए प्रभाकर बाबुलकर ने कहा कि उत्तराखंड में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस द्वारा आम जनता के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने के आरोप गंभीर चिंता का विषय हैं। राजेंद्र रावत ने दिवंगत युवक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था की कड़ी निंदा की। सुखदेव पंत ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश सेमवाल ने किया। इस दौरान भरत सिंह असवाल, एआईडीएसओ की मोनिका चौहान, निशा, राजदीप और अमित सहित कई लोग मौजूद रहे।

## केदारनाथ विधानसभा में 'शिक्षा' को मिली बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज काण्डई-दशज्यूला में अत्याधुनिक शैक्षणिक भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास बुधवार को किया गया। यह शिलान्यास क्षेत्र की विधायक आशा नौटियाल द्वारा किया गया, जिससे क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है।

राज्य योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 1 करोड़ 75 लाख 49 हजार की लागत आएगी। प्रस्तावित भवन में 05 विशाल कक्षा-कक्ष, एक आर्ट एवं क्राफ्ट रूम, एक आधुनिक कम्प्यूटर लैब तथा एक सुसज्जित जीव विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण किया जाएगा। इस पहल से न केवल विद्यालय का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा, बल्कि छात्रों को आधुनिक संसाधनों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरों जैसी सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा और भविष्य दोनों सशक्त होंगे।

इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी कुमार चौधरी, जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन काण्डपाल, अधिशासी अभियंता मीनल गुलाटी, सहायक अभियंता सुशील तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों की बड़ी संख्या ने भाग लेकर इस पहल का स्वागत किया। यह शिलान्यास न केवल एक भवन निर्माण की शुरुआत है, बल्कि केदारनाथ क्षेत्र में शिक्षा के उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव भी है।



■ 1.75 करोड़ की लागत से आधुनिक भवन के निर्माण कार्य का विधायक आशा नौटियाल ने किया शिलान्यास

## गुजरात के श्रद्धालु को लौटाया मोबाइल, नकदी व कीमती सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता में जुटी रुद्रप्रयाग पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और सेवा भावना का परिचय दिया है। बुधवार को यात्रा मार्ग पर घटी एक घटना में पुलिस की तेजी से गुजरात से आए एक श्रद्धालु का कीमती सामान सुरक्षित वापस दिलाया गया।

जानकारी के अनुसार, गुजरात के आनंद सिटी निवासी श्रद्धालु विष्णु प्रजापति केदारनाथ धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपना बैग एक पिट्ठू (भारवाहक) को सौंपा, लेकिन जल्दबाजी में उसका मोबाइल नंबर या पहचान विवरण लेना भूल गए। काफी समय तक संपर्क न हो पाने पर वे अपने बैग में रखे दो मोबाइल फोन, नकदी और अन्य कीमती सामान को लेकर चिंतित हो उठे।मामले की सूचना मिलते ही भीमबली चौकी प्रभारी अपर उपनिरीक्षक यशपाल सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और बिना देर किए स्थानीय स्तर पर खोजबीन शुरू कर दी। उनकी सक्रियता और सूझबूझ का परिणाम यह रहा कि मात्र एक घंटे के भीतर संबंधित पिट्ठू को ढूंढ निकाला गया। इसके बाद श्रद्धालु को उनका पूरा सामान सुरक्षित लौटा दिया गया। अपना खोया सामान वापस पाकर विष्णु प्रजापति के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी।

■ केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सतर्क रुद्रप्रयाग पुलिस

## कोटद्वार में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल संरक्षण पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन एवं जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में जनपद में बाल विवाह रोकथाम एवं बाल अधिकार संरक्षण को लेकर व्यापक जन-जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संयुक्त तत्वावधान में आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कोटद्वार में एक प्रभावी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006, पॉक्सो एक्ट-2012, किशोर न्याय अधिनियम-2015, बाल अधिकारों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान राकेश चंद्रा बिड़लिया, कपिल रतूड़ी, अभिषेक नेगी, शकुंतला नयाल तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी संदीप बिष्ट ने छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कानूनों, सुरक्षा सेवाओं एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, बाल विवाह या बाल श्रम की स्थिति में तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## चार प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के चार प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों के सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिंडोलाखाल और कीर्तिनगर ब्लॉकों में स्थित इन मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। लगभग 3 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से इन कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार हिंडोलाखाल ब्लॉक के पलेठी डोबलियों प्राचीन शिवालय के लिए 86.10 लाख रुपये, बागी बनगढ़ शिवालय के लिए 84. 33 लाख रुपये, जबकि कीर्तिनगर ब्लॉक के लोस्तु महादेव बडियारगढ़ (तेगड़) मंदिर के लिए 84.98 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, रानीहाट स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्व. री मंदिर के सौंदर्यीकरण पर 87.64 लाख रुपये की लागत से मंदिर का कायाकल्प किया जायेगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक विनोद कंडारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन मंदिरों के संरक्षण से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही मंदिरों के सौंदर्यीकरण से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद जताई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज जोशी ने बताया कि लंबे समय से उपेक्षित ये मंदिर अब अपने पुराने वैभव को पुन: प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत रानीहाट में स्थित 8वीं शताब्दी का ऐतिहासिक राजराजेश्वरी मंदिर, जो शंकराचार्य द्वारा निर्मित माना जाता है, वर्षों से जर्जर स्थिति में था। बताया कि वर्ष 1989 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इस मंदिर को अपने अधीन लिया था, बावजूद इसके उचित संरक्षण नहीं हो सका। कत्यूरी शैली में निर्मित यह मंदिर पंवार वंश की कुलदेवी से भी जुड़ा माना जाता है।स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, यहां रानियों का बाजार लगने के कारण इस क्षेत्र का नाम रानीहाट पड़ा। मनोज जोशी ने बताया कि वर्ष 2003 से मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक विनोद कंडारी द्वारा इस मांग को गंभीरता से उठाते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा गया, जिसके बाद 2 सितंबर को मंदिरों के कायाकल्प की घोषणा की गई।

■ देवप्रयाग विस क्षेत्र में करीब 3.43 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य जल्द शुरू

देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के चार प्राचीन मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। करीब 3 करोड़ 43 लाख 6 हजार 590 रूपये की लागत से मंदिरों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। दो हफ्ते के भीतर शिलान्यास कार्यक्रम कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

**आशीष उनियाल, सहायक अभियंता, गढ़वाल मंडल विकास निगम, टिहरी गढ़वाल।**

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का बुधवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम का विधिवत आगा मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र अंथवाल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया, जबकि स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का सप्रेम अभिनंदन किया गया। समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्यमंत्री एवं अध्यक्ष गौ सेवा समिति, डॉ राजेन्द्र अंथवाल का कॉलेज परिसर में भव्य स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ अंथवाल ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक सुदृढ़ और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने सभी विज. ेता प्रतिभागियों को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ मुख्य अतिथि डॉ अंथवाल ने शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

## केदारनाथ यात्रा में उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से अभिभूत हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा वर्ष 2026 इस बार अपने उत्कृष्ट प्रबंधन और सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते नई मिसाल पेश कर रही है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन की सुविचारित तैयारियों का परिणाम है कि लाखों श्रद्धालु न केवल सुरक्षित यात्रा कर रहे हैं, बल्कि उन्हें सुग. मता, स्वच्छता और सुव्यवस्था का बेहतरीन अनुभव भी मिल रहा है।

यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम परिसर तक हर स्तर पर व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। पेयजल, स्वच्छ शौचालय, चिकित्सा सुविधाएं, सुरक्षा प्रबंधन और कतारबद्ध दर्शन प्रणालीकृहर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बिना किसी अव्यवस्था के बाबा केदार के दर्शन सुलभ हो रहे हैं।

गाजियाबाद की श्रद्धालु मो. निका वर्मा ने बताया कि यात्रा को लेकर उन्हें पहले कुछ भ्रामक जानकारियों के कारण आशंका थी, लेकिन धाम पहुंचने पर सभी व्यवस्थाएं उम्मीद से कहीं बेहतर मिलीं। वहीं, अंबाला निवासी आक. ाश, जो हर वर्ष बाबा केदार के दर्शन के लिए आते हैं, ने कहा कि इस बार की व्यवस्थाएं पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक सुदृढ़ हैं। खासतौर पर बिना किसी वीआईपी हस्तक्षेप के समान रूप से दर्शन की व्यवस्था ने श्रद्धालुओं का भरोसा और संतोष दोनों बढ़ाया है।

श्रद्धालु निशा गहतोड़ी ने भी यात्रा मार्ग पर उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पेयजल, शौचालय, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्थाओं की मौजूदगी से यात्रा बेहद सहज और सुरक्षित हो गई है। तीर्थ पुरोहित पंडित रमेश चंद्र पोस्ती ने कहा कि ऊंचाई और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद इस स्तर की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आसान नहीं होता, लेकिन सरकार और प्रशासन ने समर्पण के साथ कार्य करते हुए इसे संभव बनाया है। उन्होंने इसे श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सकारात्मक पहल बताया। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें पूरी समन्वय के साथ 24ञ7 तैनात हैं। यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और निर्बाध बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।



■ सुरक्षित-सुगम दर्शन ने जीता दिल, सरकार और प्रशासन की कड़ी मेहनत लाई रंग

■ बाबा केदार के दरबार में अनुशासित, पारदर्शी और सहज दर्शन व्यवस्था की हर ओर सराहना

## रुद्रप्रयाग में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के मार्ग-दर्शन में ग्राम पंचायत जैली में एक प्रभावशाली विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग पायल सिंह ने की।

शिविर में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव पायल सिंह ने "माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम" के तहत वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अपने सम्मानजनक जीवन और भरण-पोषण के लिए कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा करते हुए घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, दहेज प्रतिषेध कानून और संपत्ति में महिलाओं के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल भाषा में समझाया गया। वहीं, असंगठित क्षेत्र के कामगारों को ई-श्रम पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, न्यूनतम मजदूरी और श्रम कानूनों से मिलने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पैराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा, जिसमें घरेलू हिंसा जैसे संवेदनशील विषय को जीवंत तरीके से दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि घरेलू हिंसा न केवल सामाजिक बुराई है, बल्कि एक दंडनीय अपराध भी है, और इसके खिलाफ आवाज उठाना हर पीड़ित का अधिकार है।

■ ग्रामीणों को मिले अधिकारों के प्रति सजग होने के संदेश

■ ग्राम पंचायत जैली में विधित जागरूकता शिविर का आयोजन

### कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के सख्त निर्देशों के बाद

# एआरटीओ की सीएससी सैंटरों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के सख्त निर्देशों के बाद मंगलवार को एआरटीओ रुड़की ने आरटीओ कार्यालय के आसपास चल रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध सीएससी सेंटरों और अवैध रूप से परिवहन संबंधी कार्य कर रहे लोगों पर छापेमारी की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

एआरटीओ प्रशासन जितेंद्र कुमार और आरटीओ प्रवर्तन (एनफोर्समेंट) केके पड़ियाल के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान आरटीओ कार्यालय के बाहर संचालित कई दुकानों और सेंटरों की गहन जांच की गई। टीम ने एक दुकान से महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य उपकरण बरामद कर जांच के लिए सील कर दिए। छापेमारी की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई लोग अपनी दुकानें बंद कर मौके से हटते नजर आए। करीब आधे घंटे तक चले अभियान के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा रही।



❖अवैध परिवाहन के खिलाफ की गई कड़ी कार्रवाई

❖ दुकान से महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य उपकरण बरामद

कार्रवाई के दौरान आरटीओ कार्यालय के पास संचालित एक सेकेंड हैंड कार डीलर के प्रतिष्ठान की भी जांच की गई। जांच में आवश्यक दस्तावेज और निर्धारित शुल्क जमा न मिलने पर प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

एआरटीओ प्रशासन जितेंद्र कुमार ने कहा कि परिवहन विभाग से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं आरटीओ प्रवर्तन केके पड़ियाल ने बताया कि विभाग द्वारा आगे भी लगातार अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों के आभूषण व मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** दंपत्ति की नींद का फायदा उठा चोरों द्वारा अलमारी से लाखों रुपये के सोने चांदी के आभूषण और दो स्मार्ट फोन चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। लंढौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के गाधारोणा गांव निवासी कविता पत्नी स्व० विनोद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मई की रात वह अपने दोनों पुत्रों के साथ घर के आंगन में सौ रही थी। रात करीब 3 बजे जब उसका छोटा पुत्र अनिकेत अपना मोबाइल चार्ज पर लगाने के लिए उठा तो कमरे में खड़ी गोदरेज की अलमारी को खुली देख उसने घरवालों को उठाया। पिडित महिला का आरोप है कि उनकी नींद का फायदा उठाकर चोर उनके घर की अलमारी से 1 मर्दाना सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी सोने की बाली, 1 सोने का माथे का टिका, 1 सोने का ओम व एक जोड़ी चांदी की पाजेब और दो मोबाइल चोरी कर ले गए पीड़ित महिला का कहना है कि उसने अपने बड़े लड़के की शादी के लिए जेवर बनवा कर रखे थे। महिला ने गांव के युवक पर संदेह जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ग्राम प्रधान पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को बढ़ावा देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगला इमरती गांव में सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्राम प्रधान श्रीमती फरीन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। ग्राम प्रधान के सगे ससुर और 115 अन्य ग्रामीणों पर सार्वजनिक भूमि (गौहर) पर पक्का निर्माण और दुकानें बनाने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में जिलाधिकारी हरिद्वार को शिकायती पत्र सौंपकर उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रधान को पद से हटाने और उनकी वित्तीय शक्तियां सीज करने की मांग की गई है।

नारसन ब्लॉक के नगला इमरती गांव निवासी सुनील त्यागी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नगला इमरती गांव की सरकारी भूमि (खसरा संख्या 892) पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय में लंबित एक जनहित याचिका के क्रम में तहसीलदार रुड़की द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में 115 अतिक्रमणकारियों की पुष्टि हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस सूची में क्रम संख्या 49 पर ग्राम प्रधान के ससुर अब्दुल रहमान का नाम भी दर्ज है, जिन्होंने श्रेणी-गौहर की भूमि पर पक्का निर्माण कर दुकान बना ली है। घशिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान, जो ग्राम संपत्ति की संरक्षक होती हैं, ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने ससुर और अन्य अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की। प्रधान की इस चुप्पी को अतिक्रमण में सीधी मिलीभगत माना जा रहा है। घशिकायतकर्ता ने तहसीलदार की जांच रिपोर्ट और 122-बी की सूची को आधार बनाकर मांग की है कि घ्उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 138 के तहत प्रधान के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही शुरू होने तथा घ्जांच पूरी होने तक प्रधान की समस्त वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों पर रोक लगाने की भी मांग की है। घ्वही इस बाबत पूछे जाने पर ग्राम प्रधान श्रीमती फरीन ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने की बात कही उनका कहना है कि मामले में न्यायालय का जो भी निर्णय आएगा उसमें वह प्रशासन का सहयोग करेगी। अब सबकी निगाहें जिलाधिकारी के फैसले पर टिकी हैं कि क्या इस रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। या फिर अन्य शिकायतों की तरह यह शिकायत भी दफ्तर की फाइलों में दबकर रह जाएगी।

# राजकीय विद्यालय मंगलौर में वार्षिक उत्सव व विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय मंगलौर के पावन प्रांगण में आज वार्षिक सांस्कृतिक एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

समारोह के मुख्य वक्ता एवं प्राचार्य डॉ. तीर्थ प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने और अनुशासित रहकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने एकल एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की मनमोहक छटा बिखेरी। महाविद्यालय के विभिन्न विभागोंख्र राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, इतिहास और संगीत द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। डॉ. रचना वत्स (अर्थशास्त्र प्रभारी): उन्होंने कहा कि कॉलेज से विदाई एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने छात्रों को ए.आई. के साथ तालमेल बिठाते हुए संयमित रहने की सलाह दी। डॉ. कनिका कौल (संगीत प्रभारी): उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहने और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अनुराग (इतिहास प्रभारी): उन्होंने गर्व के साथ बताया कि मंगलौर क्षेत्र के बच्चे अब यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. निवेदिता (अंग्रेजी प्रभारी): उन्होंने युवाओं से सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। डॉ. राम भरोसे (हिन्दी प्रभारी): उन्होंने पूरे कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन किया। पुस्तकालय अध्यक्ष श्रीमती सरमिष्ठा ने अच्छी किताबों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किताबों से प्राप्त ज्ञान को जीवन में उतारना चाहिए। वहीं पुस्तकालय लिपिक ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता की सेवा करने और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की कार्यालय अध्यक्ष ने भी छात्रों को जी-तोड़ मेहनत कर उन्नति प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के आशीर्वचनों के साथ समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# रुड़की में बनेगा रजत जयंती पार्कः बत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के शहरी निकायों में विकसित किए जा रहे 'रजत जयंती पार्क' अभियान के तहत आज रामनगर रुड़की स्थित केशव पार्क का कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्षद पंकज सतीजा मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रदीप बत्रा ने पार्क के विकास कार्यों, सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र विस्तार एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रजत जयंती वर्ष की गरिमा के अनुरूप पार्क को आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं से सुसज्जित किया जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के 25 वर्षों की विकास यात्रा को स्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेशभर में रजत जयंती पार्क विकसित कर रही है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राज्य की गौरवशाली यात्रा से भी जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित, पर्यावरण संरक्षण और शहरी विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम अधिकारी एवं क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।



# रामपुर जन सेवा केंद्र पर जेएम का छापा, अनियमितता मिलने पर सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामपुर क्षेत्र में संचालित जन सेवा केंद्रों पर आज प्रशासन का चाबुक चला। संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में रामपुर स्थित एक जन सेवा केंद्र में भारी खामियां पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

संयुक्त मजिस्ट्रेट ने जब रामपुर जन सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया, तो वहां अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। केंद्र पर शासन द्वारा निर्धारित मानक ताक पर रखे मिले। मौके पर अनिवार्य ई-डिस्ट्रिक्ट रजिस्टर और आवश्यक सरकारी अभिलेख उपलब्ध नहीं थे। केंद्र के संचालन में कई तकनीकी और प्रशासनिक खामियां पाई गईं। ट्रांजेक्शन और आवेदनों का कोई उचित रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया था। तत्काल कार्रवाई और सख्त निर्देश-अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट ने सख्त रुख अपनाया और केंद्र को अग्रिम आदेशों तक सील करने का फरमान जारी कर दिया। मौके पर मौजूद केंद्र कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में नियमों के सख्त अनुपालन की हिदायत दी गई। जेएम दीपक रामचंद्र शेट ने कहा कि जन सेवा केंद्र आम जनता की सुविधा के लिए हैं, न कि नियमों की धज्जियां उड़ाने के लिए। पारदर्शिता और मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी केंद्र निर्धारित नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ इसी तरह की कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी सेवाओं के नाम पर जनता के साथ खिलवाड़ या अभिलेखों में हेराफेरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई का उद्देश्य डिजिटल सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बिचौलियों के प्रभाव को खत्म करना है।

# चोरी माल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। चोरी की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तगणों को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बबीता पत्नि जोगेन्द्र निवासी चावमण्डी कोतवाली गंगनहर रुड़की जनपद हरिद्वार द्वारा थाना पर आकर एक प्रार्थना पत्र अज्ञात चोर द्वारा वादीया के घर से वाशिंग मशीन, गैस का चुल्हा, व चांदी की पाजेब को चोरी कर ले जाने के संबंध में लाकर दाखिल किया। उपरोक्त प्रार्थना पत्र पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक रुड़की के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा टीमों का गठन कर चोरी किये गये सामान की तलाश की गई टीमों द्वारा घटनास्थल के आस पास के कैमरो को चैक करते हुए, मुखबिर मामूर किये गये। पुलिस टीम में नियुक्त उ0नि0 संजीव चौहान, उ0नि0 हरीश गौरोला, का0 सन्दीप कुमार, का0 ज्ञान चन्द्र द्वारा नहर पटरी रोड पर अंग्रेजो के कब्रिस्तान के पास से 02 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तगणोंके नाम गौरव पुत्र प्रकाश सिंह निवासी चानमण्डी कोतवाली गंगनहर रुड़की व अनुज पुत्र अमर सिंह निवासी चावमण्डी कोतवाली गंगनहर रुड़की है।

# सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 14 जून को

**रुड़की।** सैनी जागृति मिशन रुड़की की बैठक सी ए युद्धवीर सिंह सैनी के कार्यालय पर संगठन के अध्यक्ष सुंदर पाल सैनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें तय किया गया है कि 14 जून 2026 दिन इतवार को प्रातः साढ़े 9:00 बजे पीतांबर फॉर्म रुड़की के सभागार में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सी ए युद्धवीर सिंह सैनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनी समाज के सीबीएसई/आई सी एस सी के छात्र-छात्राएं जो हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं और जिन्होंने उत्तराखंड बोर्ड में 65 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं तथा इसके अलावा खेल, संगीत में कीर्तिमान स्थापित करने वाले छात्र छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा

# तमंचा व कारतूस सहित दो युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक के कब्जे से तमंचा व दूसरे से कारतूस मिले हैं। आरोपितों के विरुद्ध आयुद्ध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था आदेश के अनुपालन में कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था तथा समय व स्थान बदलकर संघन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तथा टीमो को ऑपरेशन प्रहार के तहत अलग-अलग टास्क दिया गया है। नजरपुरा वाली नहर पटरी से निम्नलिखित व्यक्तियो को पकडा गया जिसमे से एक आरोपित के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर तथा दूसरे के कब्जे से 02 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये है। जिसके विरुद्ध आयुद्ध अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही लगात जारी रहेगी। 'नाम पता आरोपित-फरमान पुत्र सगीर अहमद निवासी ब्रहमनान कोतवाली मंगलौर व अक्षय पुत्र पप्पू निवासी ग्राम नजरपुरा मंगलौर हरिद्वार है।

# ट्रैक्टर बोगी व बाइक की टक्कर से दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लोदी वाला के पास गन्ने से भरी ट्रैक्टर बोगी मैं पीछे से तेज गति से आ रही बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए ।घायलों को झबरेड़ा में स्थित डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद रुड़की रेफर किया गया है।

ग्राम राजू पुर निवासी अनुपम व उसका दोस्त राजन सिंह ग्राम लाठरदेवा से होते हुए बाइक से झबरेड़ा आ रहे थे। ग्राम लोदी वाला के पास आगे जा रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर बोगी जिसे एक किसान भी गन्ने बेचने के लिए झबरेड़ा जा रहा था। उक्त बाइक सवा द्वारा गन्ने से भरी बोगी में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उक्त बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। ट्रैक्टर बोगी चालक द्वारा ट्रैक्टर को रोककर सड़क पर पड़े घायलों के पास आया तथा वहां से आने जाने वाले लोगों की सहायता से दोनों घायलों को झबरेड़ा डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद घायलों के परिजनों के आने पर उन्हें रुड़की डॉक्टर के यहां रेफर किए गए हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि घायल बाइक सवार बाइक को बहुत तेजी से चला रहे थे जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गन्ने से भरी बोगी में पीछे से टकरा गई।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विकास कश्यप उर्फ अक्षय का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने विकास कश्यप को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद विकास कश्यप के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

श्रीमती दुलारी पत्नी विनोद नि. म. न. 165 ए सुल्तानपुर मजरी बहादराबाद, हरिद्वार।

# पानी की मोटर पर चोरों ने किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र जैनपुर से अज्ञात चोरों के द्वारा एक मोटर चोरी कर उसके अंदर से तांबे का तार चोरी कर लिया है और उसके बराबर में एक और मोटर चोरी कर ली गई है सज्जाद अहमद निवासी जैनपुर ने पुलिस को पत्र देकर बताया कि 4 तारीख को रात्रि में किसी अज्ञात चोरों के द्वारा मेरे टयूवैल की दीवार तोड़कर बिजली की मोटर निकाल कर उसमें से तांबे का तार चोरी कर लिया गया है और मेरे पड़ोस में एक और किसान की मोटर चोरी कर ली गई है उन्होंने बताया क्षेत्र में बिजली मोटर चोरी के कई केस हो गए हैं सज्जाद के दोबारा दिए गए पुलिस को पत्र पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है

### शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त मदरसों ने सौंपा प्रार्थना पत्र

# 15 मदरसों ने अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से जुड़ने की जताई इच्छा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार जनपद के 15 मान्यता प्राप्त मदरसों के प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह गांधी से भेंट कर प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि उनके मदरसे वर्तमान में शिक्षा विभाग से विधिवत मान्यता प्राप्त हैं और अब वे उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से जुड़कर अपनी शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं संगठित करना चाहते हैं। प्रतिनिधियों ने आग्रह किया कि प्राधिकरण से संबद्धता की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और संस्थानों को प्रशासनिक सहयोग मिल सके। इस पर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि प्राधिकरण इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए आवश्यक कार्यवाही को जल्द आगे बढ़ाएगा। इन संस्थानों ने सौंपा आवेदन पत्रः फलाह-ए-दारेन मॉडर्न स्कूल, इंडियन स्कॉलर्स एकैडमी, आईशा इंटरनेशनल एकैडमी, मॉडर्न टैलेंटेड सक्सेस एकैडमी, नोवा फ्यूचर एकेडमी, दा रॉयल एकैडमी, मदरसा इमामिया पठानपुरा, मदरसा सोफिया एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी रुड़की, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल जूनियर हाई स्कूल भंगेड़ी, मॉडर्न आदर्श पब्लिक जूनियर हाई स्कूल सिकरौडा, राव असगर अली मेमोरियल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल खेडी, इंटर कॉलेज हजारा ग्रांट सहित अन्य संस्थान।



# ढाई साल से फरार 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/मंगलौर।** गोकशी के दौरान मौके से भागने में कामयाब हुए आरोपी को पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया गोतस्कर ढाई साल से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने 5 हजार का इनाम भी घोषित किया था। बाद पुछताछ के पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर व लंढौरा पुलिस वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। इसी क्रम में साल 2023 में गोकशी के दौरान मौके से फरार हुए आरोपी को देर रात लंढौरा पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर ने बताया कि 13 सितम्बर 2023 को उपनिरीक्षक शरद सिंह के नेतृत्व में गौवंश संरक्षण स्क्वाड की टीम ने मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के टांडा भनेड़ा गांव में छापेमारी कर दो लोगों को गोवंश से संबंधित उपकरण व गोमांस समेत मौके से पकड़ लिया था। जबकि उसका एक साथी भागने में कामयाब हो गया था। फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए बार बार ठिकाने बदल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसएसपी हरिद्वार ने 5 हजार के इनाम की घोषणा भी की थी। मंगलवार की रात पुलिस ने फरार गोतस्कर को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। पुलिस पुछताछ में फरार इनामी आरोपी ने अपना नाम शराफत पुत्र बशीर निवासी टांडा भनेड़ा कोतवाली मंगलौर बताया है। बाद पुछताछ के पकड़े गए इनामी गोतस्कर का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में लंढौरा चौकी प्रभारी अशोक सिरसवाल, हेड कांस्टेबल शूरबीर सिंह चौहान कास्टेबल मनीष, कास्टेबल रघुवीर कास्टेबल सुनील प्रकाश शामिल रहे।



# परेशानी में टीवीके

हालांकि तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या IIADMK नहीं होगी, लेकिन राज्य में विधायकों की संख्या के गणित फिलहाल टीवीके चीफ विजय को परेशानियों में डाल दिया है, कांग्रेस मिले समर्थन के बावजूद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, ऐसे हालात के चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कितमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुता. बिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भटाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने परAIADMK से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, AIADMK में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महा. बलीपुरम के चेंगलपटू स्थित फोर पाइंट्स नाम के रिसार्ट में शिफ्ट कर दिया है। बंगाल में 4 मई को रिजल्ट के बाद से हिंसा शुरू हुई। जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं। कोलकाता के न्यू मार्केट में मंगलवार रात भीड़ ने टीएमसीके पार्टी आफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं नार्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में मंगलवार रात गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। बंगाल में हिंसा के लिए भजा व टीएम सी एक दूस. रें पर आरोप मंढ रही हैं, इस सब के बावजूद यह कहने में गुरेज नहीं है कि राज्य कुछ हिस्सों में लोगों का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# प्रभावित होगी संघीय गणराज्य की दिशा

असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे कई ऐसे कारकों को रेखांकित करते हैं जो एक धर्मनिरपेक्ष, लो. कतांत्रिक और संघीय गणराज्य के तौर पर भारत की दिशा को प्रभावित करेंगे। असम और पुडुचेरी में जहां भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों ने सत्ता बरकरार रखी, वहीं अन्य तीन राज्यों में सत्ताधारी दल जनमत में आए बदलाव की प्रचंड लहर में बह गए। असम में पहली दफा भाजपा ने अकेले दम पर बहुमत के लिए जरूरी 64 सीटों का आंकड़ा पार किया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 126-सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटें जीतीं।

कांग्रेस के लिए यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है - यहां तक कि उसके खाते में असम आंदोलन के बाद 1985 में हासिल की गई सीटों की संख्या से भी कम सीटें आईं। रायजोर दल और असम जातीय परिषद समेत कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन द्धएनडीएऋ के भीतर के दल - मुख्य रूप से असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, भाजपा को हासिल स्पष्ट बहुमत के मद्देनजर अब उनका असर बहुत कम रह गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी और पुनर्वितरण की योजनाओं के मिश्रण के जरिए राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई खुद अपनी सीट हार गए। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने दीर्घकालिक योजना के दम पर निर्णायक जीत हासिल की



है। राज्य के राजनीतिक इतिहास, दागी चुनाव प्रक्रिया और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीति की ढलान ने उसकी कामयाबी में मदद पहुंचाई। बंगाल भारत के राष्ट्रीय आंदोलन और हिंदुत्व के विचारों का केंद्र रहा है। अन्य जगहों पर फैलने से काफी पहले हिंदुत्व के विचार यहीं पनपे और क्षेत्रीय पहचान की भावना यहां काफी प्रबल रही है। भाजपा ने सालों की सुनियोजित रणनीति के जरिए राज्य की एक सीमित आबादी को अपने सर्वव्यापी राष्ट्रवादी विमर्श में दीक्षित कर दिया। महाराष्ट्र, असम और ओडिशा की क्षेत्रीय राजनीति को अपने आगोश में समा लेने के बाद, भाजपा ने अपना पूरा ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित किया और आखिरकार फतह हासिल की। टीएमसी के सामने अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। उसकी संस्थापक नेता ममता बनर्जी 71 साल की हो चुकी हैं और उसके कार्यकर्ता व मतदाता अब भाजपा के दबाव में आसानी से आ सकते हैं। यह चुनाव भारत के इतिहास में सबसे दागदार चुनाव भी थारू लगभग 27 लाख लोगों के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए और सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हुए इस गंभीर हमले के प्रति अनुं. चत नजरिया अपनाया। अगर यह आने वाले वक्त का संकेत है, तो यह गंभीर चिंता का सबब है। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर कार्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएंगी।

## कहीं एसआईआर ने, तो नहीं बदला नक्शा

बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) की खूब चर्चा है। बंगाल की कम से कम 25 ऐसी सीटें हैं, जहां जीत के मार्जिन से ज्यादा नामैप्त के तहत अयोग्य पाए गए थे। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब इन सीटों पर फिर से मतदान हो सकते हैं? क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान कहा था कि ैप्त में अयोग्य पाए गए वोटरों की तुलना में अगर जीत की मार्जिन कम रहती है तो हम इस तरह के मामले को देखा जा सकता है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्वाचन से पहले बंगाल मेंैप्त के तहत कुल 27 लाख मतदाताओं को अयोग्य पाया था। मतदान से ठीक पहले इनके नाम हटाए गए थे। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि कम से कम 34 लाख ऐसे वोटर हैं, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। पहला मामला ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट का ही है। यहां पर बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने करीब 15 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने यहां पर एसआईआर के तहत 28 हजार मतदाताओं के वोट काट दिए थे, जबकि यहां पर 14,154 मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं। चंपदानी में बीजेपी के दिलीप सिंह को 3026 वोटों से जीत मिली है। सिंह ने यहां पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। द इकानोमिक्स टाइम्स के मुताबिक इस सीट पर एसआईआर के तहत 7600 से ज्यादा वोट अयोग्य पाए गए थे। इसी तरह करंदीघी सीट से बीजेपी के बिराज विस्वास ने 19869 वोटों से जीत मिली थी। यहां पर 31,562 मतदाताओं के नाम एसआईआर में अयोग्य पाए गए थे। मुर्शिदाबाद की जंगीपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को 10,542 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 36,581 वोटरों को अयोग्य पाया गया है। मोंटेश्वर सीट पर बीजेपी को 14,700 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 23,423 वोटरों को अयोग्य माना गया था। हेमताबाद सीट पर एसआईआर के तहत 18,215 अयोग्य पाए गए थे। यहां पर बीजेपी उम्मीदवार को 12,300 वोटों के अंतर से जीत मिली है। बाली सीट पर 11,997 सीटों से बीजेपी को जीत मिली है। यहां एसआईआर में 11,386 मतदाता अयोग्य पाए गए थे, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। दिन्हटा, रैना और दार्जिलिंग की सीट पर भी ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला।समसेरगंज, मानिकचक, सूती, लालगोला और रघुनाथगंज की सीटों पर भी अयोग्य मतदाताओं की तुलना में जीत की मार्जिन कम है। समसेरगंज में 75,000 मतदाता अयोग्य पाए गए थे। यहां पर 7500 वोटों के अंतर से तृणमूल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी तरह मानिकचक में 55 हजार वोटरों को अयोग्य पाया गया था। यहां जीत का अंतर 19 हजार है। मुर्शिदाबाद में एसआईआर के तहत 4 लाख से ज्यादा वोट डिलीट किए गए थे। 22 सीटों में से 8 पर बीजेपी और 9 पर तृणमूल को जीत मिली है। 5 सीटों पर कांग्रेस, सीपीएम और जनता उन्नयन पार्टी ने जीती2021 में तृणमूल को यहां की 19 सीटों पर जीत मिली थी।

## श्रीमुख से...

### भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता



वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार, लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है, ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठियाकहा जाना चाहिए, हरियाणा में तो वहां की पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है, जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं, निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोक सभा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरल व बंगाल में मुस्लिमों ने दिखाया दम

बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं। असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चुनाव परिणाम के आंकड़ों के मुताबिक इस बार विपक्ष के मजबूत सपोर्ट के बावजूद असम और बंगाल में 15 मुस्लिम विधायक कम हो गए हैं।

वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में 3 की बढ़ोतरी हुई है। जम्मू कश्मीर के बाद असम और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी तो केरल में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है। असम में कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले सीधे मैदान में थी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनाव का मुख्य मुकाबला था। कांग्रेस यहां पर वोट के मामले में चौथे नंबर पर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। यहां पर 36 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। 2021 में यहां मुस्लिम समुदाय के 42 विधायक जीतकर आए थे। इस बार 31 विधायक टीएमसी से जीतकर आए हैं, जबकि 5 विधायक ऐसे हैं, जो




**केरल में कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीते हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

कांग्रेस-सीपीएम और छोटी पार्टियों से जीतकर आए हैं। असम में 22 मुस्लिम जीतकर इस बार सदन में आए हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर 18 मुस्लिम विधायक इस बार चुनकर आए हैं। वहीं 2 विधायक बदरुद्दीन अजमल की पार्टी के हैं। 1 मुस्लिम विधायक अखिल गोगोई की पार्टी के हैं। इसी तरह केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या 35 है। पिछली बार इन विधायकों की संख्या 32 थी। केरल में इस बार इंडियन मुस्लिम लीग के सिंबल पर सबसे ज्यादा 22 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। केरल में विधानसभा की कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कुल 9 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। देश में मुस्लिम हिस्सेदारी को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। 2024 के लोकससभा चुनाव में सिर्फ 5 प्रतिशत मुस्लिम सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।

**असम और बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ,बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

# बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर

**बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज ०.1 फीसदी। चुनौती है क्रियान्वयन। साल 2025 के आखिर तक भारत में केवल 0.7 गीगावाट घंटे ( जीडब्ल्यूएच ) का बैटरी भंडारण चालू था। साथ ही, और 2 जीडब्ल्यूएच भंडारण के दिसम्बर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों को अब टेंडर जारी करने पर कम और कमीशनिंग ( प्रोजेक्ट चालू करने ) पर ज्यादा फोकस करना होगा दृ हर नयी सौर नीलामी को बाध्यकारी सह-अवस्थित ( को-लोकेटड ) भंडारण के साथ जोड़ना होगा और जिन कम दर वाली परियोजनाओं के लिए आक्रामक ढंग से बोली लगायी गयी है, उनके रास्ते से वित्तपोषण की बाधा दूर करनी होगी। भंडारण के बिना सौर क्षमता अधबना पुल है**

भारत में 25 अप्रैल को बिजली की सर्वोच्च मांग (पीक डिमांड) 256.1 गीगावाट तक पहुंच गयी जिसमें दोपहर के लोड के 21.5 फीसदी की आपूर्ति सौर संयंत्रों ने की, यह अब तक सर्वाधिक है, और इस बात का भी साफ संकेत है कि जब सूरज सिर के ऊपर होता है तो देश में स्थापित सौर क्षमता सचमुच काम कर सकती है, लेकिन उसी दिन के पूरे 24 घंटे के खाता-बही से जो कहानी सामने आती है, वह सोचने पर मजबूर करती है।

बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज 0.1 फीसदी। भारत में स्थापित विद्युत क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी साल 2022 के 15 फीसदी से तकरीबन दोगुनी होकर साल 2026 के शुरू में लगभग 28 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, साल 2022 में भारत के सर्वोच्च मांग वाले दिन उत्पादन में सौर का हिस्सा लगभग 5.6 फीसदी था और यह बढ़कर अप्रैल के उत्पादन का 10.8 फीसदी ही हो पाया दृ यह मौजूदा वास्तविकताओं और क्या मुमकिन है के बीच बरकरार बड़े फासले का भी साफ संकेत है। मामला जहां अटका है वह पैनल, जमीन या महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि



बैटरियों के जरिए उत्पादित इलेक्ट्रानों के विशाल भंडारों का इस्तेमाल कर पाने की अक्षमता है। दरअसल, बैटरी भंडारण की इतनी कमी है कि सौर बिजली के प्रचुर उत्पादक राज्यों को अपनी आपूर्ति रो. कने के लिए कहा जा रहा है, अन्यथा इससे भारत के बिजली ग्रिड की स्थिरता को खतरा हो सकता है। साल 2025 में, भारत को मई के आखिर और दिसंबर के बीच सौर उत्पादन के 2.3 टेरावाट घंटों की कटौती करनी पड़ी, जो औसत मासिक सौर उत्पादन के 18 फीसदी के बराबर है। अकेले अक्टूबर महीने में 0.9 टेरावाट घंटों की बर्बादी हुई। यह देखते हुए कि इस तरह की बिजली के उत्पादकों को पैसे देने ही होते हैं, इसका नतीजा सरकारी खजाने पर बोझ के रूप में सामने आता है जो ऐसी बिजली के लिए भुगतान करता है जो कभी मिली ही नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार सामान्य से कम, लंबी अवधि के औसत का 92 फीसदी, मानसून रहेगा, जो 11 सालों में इस तरह की पहली चेतावनी है। इस पूर्वानुमान से सिर्फ इस दलील को मजबूती मिलती है कि ज्यादा गर्म, ज्यादा सूखी गर्मियों का मतलब है दिन के समय ज्यादा मांग और ठीक इसी समय सौर ऊर्जा को भारी बोझ उठाना चाहिए।उत्साहजनक खबर है बैटरी का अर्थशास्त्र। साल 2025 के शुरू में दो घंटे के स्टैंडअलोन बैटरी स्टोरेज की दर लगभग 2.21 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति माह थी जो घटकर साल के अंत तक 1.48 लाख रुपये हो गयी।



सूरीनाम। पारामारिबो पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा।

## भारत वियतनाम ने दुर्लभ खिनज और रक्षा सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौते किए

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खिनज, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के कारण तीन की मौतः WHO


**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमो. निया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है।

# भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़

## विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे दोनों देशः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनी. तिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए आज हम अपने संबंधों को और अधिक



■ मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की

मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊंचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए अब हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टोरैशन कर रहे हैं।

## बंगाल में भाजपा सरकार के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहींः बांग्लादेश

**ढाका।** बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है। राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।

# अमेरिका ने की ईरान युद्ध खत्म होने की घोषणा

## कहाः प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया, हासिल कर लिए हैं लक्ष्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ चलाया गया प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया है। वाइट हाउस में मंगलवार दोपहर 3:30 बजे के आसपास प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने इस अभियान के अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना ने अब अपने आक्रामक चरण को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अब ध्यान भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। इस घोषणा के साथ ही अमेरिकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके तहत अब सेना 'आक्रामक' रुख छोड़कर 'रक्षात्मक' मुद्रा में आ गई है। रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका अब नई जंग शुरू करने के बजाय अमन को प्राथमिकता देना चाहता है। उन्होंने हालांकि यह चेतावनी भी दी कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के क्षेत्रों में ताकत के इस्तेमाल का विकल्प अब भी खत्म नहीं हुआ है। यदि अमेरिकी सेना या उसके सहयोगियों के हितों पर हमला होता है तो अमेरिका अपनी पूरी शक्ति के साथ जवाबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। आक्रामक अभियान की समाप्ति के बाद अब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की है। इस नए मिशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सुरक्षित बनाना और फिर से खोलना है। 'टाइम' और 'सीएनए' की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी नौसेना अब इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेगी। रुबियो ने इसे एक 'रक्षात्मक कवच' बताते हुए कहा कि जब तक अमेरिकी सेना पर गोली नहीं चलाई जाएगी, तब तक उनकी तरफ से कोई हमला नहीं होगा, लेकिन वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। वाइट हाउस की इस ब्रीफिंग में यह संदेश भी दिया गया कि अब सारा ध्यान सैन्य कार्रवाई से हटकर कूटनीति पर रहेगा। अमेरिका का अगला लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करना है। विदेश मंत्री रुबियो ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परमाणु हथियारों से लैस ईरान पूरी दुनिया के लिए बघ खतरा हो सकता है, जिसे अमेरिका कभी स्वीकार नहीं करेगा। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का अंत एक बड़े युद्ध के थमने का संकेत तो है, लेकिन क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और कड़ी निगरानी अब भी जारी रहेगी।



28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं

## अमेरिका पेशावर में कॉन्सुलेट जनरल बंद करेगा जिम्मदारियां इस्लामाबाद को सौंपी गईं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक जम्मिेदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा कि पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमे. रिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर जोर दिया है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपना राजनयिक कार्य जारी रखेगा, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को बनाए रखेगा।

## अराघची ने चीनी विदेश मंत्री से की पूर्ण युद्धविराम और होर्मुज पर चर्चा

**बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को बीजिंग पहुंचकर चीन के विदेश मंत्री वांग ई से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करना और 'पूर्ण युद्धविराम' के लिए जमीन तैयार करना है।

वांग ई ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि चीन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित है और तनाव कम करने के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन इस समय ईरान-अमेरिका के बीच अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान अराघची ने चीन को ईरान का 'करीबी और भरोसेमंद मित्र' बताया और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ईरान का पक्ष लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने

■ अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

कहा कि ईरान सिर्फ 'न्यायसंगत और व्यापक समझौते' को ही स्वीकार करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय (एफएमपीआरसी) और सीजीटीएन की रिपोर्टों में बताया गया कि इस बातचीत का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए फिर से खोलने पर केंद्रित रहा। वांग ई ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए इस व्यापारिक मार्ग की महत्ता पर जोर दिया। दूसरी ओर अराघची ने दो. हराया कि ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी शिखर वार्ता में ईरान के हितों और क्षेत्रीय शांति की जरूरतों को अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से रखेंगे।


# ईरान अमेरिका की इच्छाशक्ति की परीक्षा न ले

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है।

रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईरान को कड़ी चेता. वनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा कि ये निर्दोष लोग हैं। वे अलग-थलग हैं,

■ रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया



भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीधे आदेश पर शुरू किया गया था, जब कई देशों ने सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका से मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर मदद की पुकार का जवाब दिया। अमेरिका यह कदम इसलिए उठा रहा है क्योंकि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं। दो अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पहले ही सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं। यहां तैनात सैन्य संपत्तियों में गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, सौ से अधिक हवाई और समुद्री विमान, मानव रहित प्लेटफॉर्म और 15000 सैनिक शामिल हैं। रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन आक्रामक प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पर पहले गोली नहीं चलाई जाती, तब तक कोई गोलीबारी नहीं होगी। हम केवल तभी जवाब दे रहे हैं जब पहले हमला किया जाए। यह एक रक्षात्मक अभियान है। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि चेतावनी को अनदेखा करने के बाद ईरान की सात नौकाओं को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से सात अब समुद्र के तल में हैं, साथ ही ईरान की बाकी नौसेना भी।ष रुबियो ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' इसके समानांतर जारी है।

## पाक में विपक्षी नेता ने अफगान के साथ बातचीत का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने सरकार से अफगानिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंध एवं राजनीतिक गलत अनुमान पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।


यह जानकारी बुधवार को अफगान समाचार पोर्टल एरियाना न्यूज ने दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि अचकजई का मानना है कि पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों की जड़ें सरकार की उन गलत नीतियों में निहित हैं जिनके कारण अफगानिस्तान एक

■ अफगा अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है: अचकजई

आर्थिक साझेदार नहीं रहा है, जो हाल तक पाकिस्तानी वस्तुओं के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार था। रिपोर्ट के अनुसार, अचकजई ने कहा कि अफगानिस्तान अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है और उन्होंने बल देकर कहा कि इस्लामाबाद की नीतियों ने उसके अपने आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार, उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से आर्थिक दबावों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता दोनों से निपटने के लिए संवाद और अपनी नीतियों में सुधार करते हुए व्यावहारिक समाधान खो. जने का आग्रह किया।




## अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर निवेश करेंगी भारतीय कंपनियां



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारतीय कंपनियों ने उनके देश में 20.5 अरब डॉलर से अधिक की योजना बनाई है जिससे अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में जो निवेश किया उसका फल मिल रहा है। भारतीय कंपनियों की टेक, विनिर्माण और फार्मास्युटिकल समेत विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की योजना है। इसमें 12

■ अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, अमेरिकी राजदूत गोर ने की तारीफ

भारतीय कंपनियों द्वारा आज (मंगलवार को) घोषित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की योजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेलेक्ट यूएसए इनवेस्टमेंट समिट में 12 भारतीय कंपनियों ने अमे. रिका में कुल 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। अमेरिका राजदूत ने लिखा कि इन सहयोगों से अमेरिका में वास्तव में रोजगार पैदा हो रहे हैं।

